卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्निं जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केंद्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 26 ♦अंक 112 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर ( ऊधमसिंहनगर ) ♦मंगलवार ♦27 जनवरी 2026 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

## भूकंप से फिर कांपी धरती, घरों से बाहर निकले लोग

उत्तरकाशी (उद संवाददाता)। जनपद मुख्यालय उत्तरकाशी और इसके आसपास के क्षेत्रों में सोमवार रात भूकंप के हल्के झटके महसूस किए गए। रात के सन्नाटे में अचानक हुई धरती में कंपन से लोग दहशतजदा हो गए और अपनी जान बचाने के लिए घरों से बाहर निकल आए। जानकारी के मुताबिक, रात करीब 10 बजकर 05 मिनट पर जब लोग सोने की तैयारी कर रहे थे, तभी अचानक झटके (शेष पृष्ठ 7 पर)

# आधी आबादी का पूरा कानून है यूसीसी: धामी

देहरादून (उद संवाददाता)। उत्तराखंड के इतिहास में एक नया अध्याय जोड़ते हुए मंगलवार को पूरे प्रदेश में 'यूसीसी दिवस' उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस विशेष अवसर पर जगह –जगह जागरूकता शिविर और जनसंवाद कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। राजधानी देहरादून में आयोजित 'प्रथम देवभूमि समान नागरिक संहिता दिवस समारोह' का शुभारंभ मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने किया। अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने यूसीसी को सामाजिक न्याय, समानता और महिला सशक्ति करण की दिशा में एक ऐतिहासिक मील का पत्थर करार दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि





यूसीसी लागू करने वाला उत्तराखंड देश का पहला राज्य है और यह कानून हर नागरिक को समान अधिकार व सम्मान सुनिश्चित करने का संकल्प है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि राज्य सरकार ने प्रदेश की जनता से समान नागरिक संहिता लागू करने का जो वादा किया था, उसे संकल्प के अनुरूप पूर्ण किया गया है। उन्होंने यूसीसी को 'आधी आबादी का पूरा कानून' बताते हुए कहा कि यह कानून महिलाओं के अधिकारों की रक्षा और उनके सम्मान को बढ़ाने वाला है। उन्होंने संतोष व्यक्त किया कि उत्तराखंड की इस पहल के बाद अब अन्य राज्यों में भी यूसीसी लागू करने (शेष पृष्ठ सात पर)

# मीना शर्मा बोली–निष्पक्ष जांच नहीं हुई तो आत्मदाह कर लूंगी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल के खिलाफ महिला कांग्रेस की प्रदेश उपाध्यक्ष मीना शर्मा ने मोर्चा खोलते हुए उनकी गिरफ्तारी की मांग तेज कर दी है। मंगलवार को मीना शर्मा ने दर्जनों कार्यकर्ताओं के साथ कोतवाली में धरना दिया और पुलिस प्रशासन से ठुकराल के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की पुरजोर मांग की। मीना शर्मा ने सख्त लहजे में कहा कि अगर मामले की निष्पक्ष जांच नहीं हुई तो वह कोतवाली में ही आत्मदाह कर लेंगी। मामला एक साल पुरानी उस ऑडियो क्लिप से जुड़ा है, जिसमें ठुकराल पर अमर्यादित शब्दों के प्रयोग का आरोप





लगा था। मीना शर्मा का कहना है कि एक साल पहले तहरीर देने के बावजूद पुलिस ने अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की, जिसके चलते उन्हें दोबारा तहरीर सौंपनी पड़ी और आंदोलन का रास्ता चुनना पड़ा।धरने के दौरान पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए मीना शर्मा ने स्पष्ट किया कि वह यहाँ किसी दल विशेष के प्रतिनिधि के रूप में नहीं, बल्कि एक महिला के नाते न्याय मांगने आई हैं। उन्होंने कहा कि ठुकराल ने जिन शब्दों का प्रयोग किया,(शेष पृष्ठ सात पर)

## ठुकराल पर मुकदमा दर्ज

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। कांग्रेस नेत्री मीना शर्मा को लेकर करीब एक साल पहले सोशल मीडिया पर वायरल हुए विवादास्पद ऑडियो के मामले में पुलिस ने आखिरकार पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। यह कार्रवाई उस वक्त हुई जब पूर्व पालिकाध्यक्ष मीना शर्मा कोतवाली परिसर में कार्यकर्ताओं के साथ धरने पर बैठी थीं। एक साल पुरानी तहरीर पर कार्रवाई न होने से नाराज होकर वे विरोध प्रदर्शन कर रही थीं, जिसके बाद पुलिस ने ठुकराल के खिलाफ विधिक कार्रवाई शुरू कर दी। उल्लेखनीय है कि पिछले वर्ष सोशल मीडिया पर एक ऑडियो प्रसारित हुआ था, जिसमें मीना शर्मा के खिलाफ बेहद अमर्यादित और अपशब्दों का प्रयोग किया गया था। इस घटना के बाद मीना शर्मा ने पुलिस को तहरीर सौंपकर मुकदमा दर्ज करने की गुहार लगाई थी। हालांकि, उस समय राजकुमार ठुकराल ने अपनी सफाई में स्पष्ट कहा था कि यह ऑडियो पूरी तरह फर्जी है और इसे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तकनीक के जरिए उन्हें फंसाने के लिए बनाया गया है। पुलिस जांच में अब तक यह तकनीकी रूप से स्पष्ट नहीं हो पाया है कि उस आवाज का असली स्रोत क्या है। मामले में एक साल की लंबी खामोशी के बाद जब (शेष पृष्ठ सात पर)

## बैंकिंग सेवाएं पूरी तरह ठप,निजी बैंक भी कराए बंद

देहरादून/रुद्रपुर। देशभर में बैंक कर्मचारियों की एक दिवसीय राष्ट्रव्यापी हड़ताल का असर मंगलवार को उत्तराखंड में भी व्यापक रूप से देखने को मिला। सरकारी बैंकों के बंद रहने से व्यापारियों, नौकरीपेशा लोगों और आम नागरिकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा।तीन दिन की छुट्टियों के बाद मंगलवार को लगातार चौथे दिन बैंकिंग सेवाएं ठप रहने से लेनदेन पूरी तरह प्रभावित हो गया। हड़ताल का आह्वान यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियन्स (यूएफबीयू) ने किया है, जो नौ बैंक यूनियनों का संयुक्त मंच है और सरकारी बैंकों के अधिकारियों व कर्मचारियों का



प्रतिनिधित्व करता है। यह कदम 23 जनवरी को मुख्य श्रम आयुक्त के साथ हुई बैठक में कोई समाधान न निकलने के बाद उठाया गया। हड़ताल में भारतीय स्टेट बैंक ,पंजाब नेशनल बैंक , बैंक ऑफ बड़ौदा समेत कई बड़े सरकारी बैंक शामिल रहे। रुद्रपुर– जिला मुख्यालय पर भी हड़ताल का (शेष पृष्ठ सात पर)

# बंद घर के ताले चटकाकर लाखों की चोरी

### 6 तोला सोना और बेटी की फीस के डेढ़ लाख रुपयों पर किया हाथ साफ

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। भूरारानी रोड स्थित नैना कॉलोनी में चोरों ने एक बंद घर को निशाना बनाते हुए लाखों के जेवरात और नकदी पर हाथ साफ कर दिया। पीड़ित परिवार जब घर वापस लौटा, तब घटना का पता चला। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है। नैना कॉलोनी निवासी सत्यपाल अरोड़ा पुत्र दीवान चंद अरोड़ा ने कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह बीती 9 जनवरी को अपने घर पर ताला लगाकर देहरादून गए थे। उनकी पत्नी भी उस दौरान बिजनौर गई हुई थीं। सोमवार, 26 जनवरी को जब वह अपनी पत्नी के साथ सुबह करीब सवा ग्यारह बजे घर वापस लौटे, तो मुख्य गेट का ताला लगा हुआ मिला। लेकिन जब वे घर के भीतर कमरों में दाखिल हुए तो उनके होश उड़ गए। कमरे का दरवाजा खुला था और अंदर सारा सामान बिखरा पड़ा था। चोरों ने डबल बेड और सेफ को खंगालते हुए उसमें रखे 6 तोला सोने के आभूषण और डेढ़ लाख रुपये की नकदी चोरी कर ली। पीड़ित के अनुसार, (शेष पृष्ठ सात पर)

**आवश्यकता है**

रुद्रपुर स्थित एक प्रतिष्ठित इलेक्ट्रॉनिक शोरूम के लिए टैली अकाउंटेंट, कैशियर, स्टोर मैनेजर आदि पदों पर कर्मचारियों की आवश्यकता है।

–:संपर्क करें:–
8433432291

# जल्द होगी ठुकराल की कांग्रेस में एंट्री!

### यशपाल आर्य के जरिए दिल्ली दरबार से बन रही राह, फिर शुरू हुई घेराबंदी, कांग्रेस के साथ अंदर खाने भाजपा नेता भी रोक रहे राह

रूद्रपुर । उत्तराखंड की राजनीति के केंद्र बिंदु कहे जाने वाले तराई के रुद्रपुर शहर में एक बार फिर सियासी हलचलें तेज हो गई हैं। दो बार के विधायक रहे राजकुमार ठुकराल के कांग्रेस में शामिल होने की चर्चाओं ने शहर के राजनीतिक पारे को आसमान पर पहुंचा दिया है। सूत्रों के मुताबिक, राजकुमार ठुकराल की कांग्रेस में एंट्री का रास्ता लगभग साफ हो चुका है और इसकी पटकथा हाई लेवल पर लिखी जा चुकी है। बताया जा रहा है कि नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य के माध्यम से



ठुकराल की दिल्ली दरबार में पहुंच हुई है, जिसके बाद उनके हाथ थामने की औपचारिक घोषणा कभी भी हो सकती है। हालांकि, इस संभावित जॉइनिंग ने न केवल भाजपा बल्कि कांग्रेस के भीतर भी खलबली मचा दी है। बता दें राजकुमार ठुकराल ने वर्ष 2022 के विधान सभा चुनाव में भाजपा से टिकट कटने के बाद बगावत का बिगुल फूंक दिया था और निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर चुनावी मैदान में उतरे थे। भले ही उस चुनाव में वह तीसरे स्थान पर रहे, लेकिन उन्हें मिले भारी मतों ने साबित कर दिया था कि जनता के बीच उनका आधार अब भी मजबूत है। पिछले चार वर्षों में कई बार उनके भाजपा में वापसी या कांग्रेस में जाने की अटकलें लगती रही हैं। लगभग एक वर्ष पूर्व निकाय चुनाव के समय भी उन्होंने मेयर पद के लिए ताल ठोकी थी, लेकिन मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के आश्वासन के बाद वह पीछे हट गए थे। उस समय माना जा रहा था कि भाजपा उनकी घर वापसी कराएगी, लेकिन समय बीतने के साथ वे तमाम चर्चाएं (शेष पृष्ठ सात पर)

## ठुकराल की बढ़ सकती हैं मुश्किलें

रूद्रपुर । पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल की कांग्रेस में एंट्री की खबरों के बीच उनकी घेराबंदी भी तेज हो गई है। कांग्रेस और भाजपा दोनों ही दलों के कुछ नेता उन्हें कानूनी पचड़े में फंसाकर और हाईकमान में उनके खिलाफ माहौल बनाकर राह रोकने की कोशिश में जुट गए हैं। विधानसभा चुनाव लड़ चुकी कांग्रेस नेत्री मीना शर्मा ने एक बार फिर ठुकराल के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। करीब एक साल पुराने मामले को लेकर, जिसमें ठुकराल पर अपशब्दों के इस्तेमाल का आरोप था, मीना शर्मा ने (शेष पृष्ठ सात पर)

# ईदगाह बचाने को क्रमिक अनशन का ऐलान

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। ईदगाह बचाओ संघर्ष समिति के बैनर तले गणतंत्र दिवस के अवसर पर खेड़ा कालोनी स्थित अशफाक उल्ला खां पार्क में एक दिवसीय महिला पंचायत का आयोजन किया गया। पंचायत में महिलाओं सहित विभिन्न राजनीतिक और सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने बड़ी संख्या में शिरकत की। कार्यक्रम की शुरुआत काकोरी कांड के अमर शहीदों के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि देने के साथ हुई।महिला पंचायत को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि आज देश गणतंत्र की 77वीं वर्षगांठ मना रहा है, जो प्रत्येक नागरिक को अपने धार्मिक रीति-रिवाजों के पालन और गरिमापूर्ण जीवन का संवैधानिक अधिकार देता है। उन्होंने आरोप लगाया कि रुद्रपुर नगर निगम और प्रशासन द्वारा खेड़ा स्थित ईदगाह की जमीन को जबरन कब्जे में लेना और उसके चारों ओर ऊँची दीवारें चिनकर उसे सीलबंद करना प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों का उल्लंघन है। वक्ताओं ने कहा कि 7 दिसंबर 2025 को की गई इस कार्रवाई से पूर्व मुस्लिम समुदाय के प्रतिनिधियों या स्थानीय निवासियों को अपना पक्ष रखने का मौका तक नहीं दिया गया।पंचायत में वक्ताओं ने गंभीर मुद्दा उठाते हुए कहा कि ईदगाह मैदान की नाकेबंदी से न केवल नमाजियों का रास्ता बंद हुआ है, बल्कि कब्रिस्तान जाने वाला आम रास्ता भी अवरुद्ध हो गया है। अब रेशमबाड़ी और दूधिया नगर के लोगों को जनाजा ले जाने के लिए लंबी दूरी तय करनी पड़ रही है। वक्ताओं ने यह भी कहा कि इस मैदान का उपयोग स्थानीय बच्चों के खेल और क्षेत्र के बारातघर के रूप में होता था, जो अब उनसे छिन गया है। उन्होंने प्रशासन के उन दावों को भी खारिज किया जिसमें वहां स्कूल या पर्यावरण मित्रों के लिए भवन बनाने की बात कही गई है। वक्ताओं ने इसे जनता को आपस में लड़ाने और मूल मुद्दों से भटकाने की साजिश करार दिया। पंचायत के अंत में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि ईदगाह मैदान पर 5 दिसंबर 2025 से पूर्व की स्थिति बहाल करने और बंद रास्तों को खुलवाने की मांग को लेकर जल्द ही क्रमिक अनशन शुरू किया जाएगा। इस पंचायत की अध्यक्षता फरजाना, रविन्द्र कौर, वंदना, पिंकी गंगवार, सावित्री देवी और अनिता अन्ना ने संयुक्त रूप से की, जबकि कार्यक्रम का संचालन पूजा द्वारा किया गया। सभा को डालफिन मजदूर संगठन से पिंकी गंगवार, प्रगतिशील महिला एकता केन्द्र से रविंदर कौर, इंकलाबी मजदूर केंद्र के कैलाश भट्ट, क्रांतिकारी लोक अधिकार संगठन के शिवदेव सिंह, समाजसेवी साजिद खान, उमर अली, पूर्व सभासद नूर अहमद, परमजीत कौर, इसरत अली, डॉक्टर शाहिद रजा, माही नूर फातिमा, जय देव मदक, मनोज कुमार ठेका मजदूर कल्याण समिति पंतनगर, भाकपा माले के ललित मटियाली, विजय कुमार सीएसटीयू, उपेंद्र राय गायत्री परिवार, सुनील देवल एरा श्रमिक संगठन, फिरोज इंट्रर्क मजदूर संगठन ऊधम सिंह नगर, मैसर रेशम बाड़ी और अख्तर अली ने संबोधित किया। इस अवसर पर रेशमबाड़ी, दूधिया नगर और पहाड़गंज क्षेत्र की महिलाओं, बच्चों सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।




# स्वास्थ्य प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

गदरपुर। यीशु भक्त सत्संग सोसायटी गदरपुर एवं द होली टच फाउंडेशन ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में ग्राम बरखेड़ा एवं बरखेड़ा-2 में स्वास्थ्य प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया और स्वास्थ्य से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त कीं।कार्यक्रम में पूर्व ग्राम प्रधान बलविंदर सिंह, अमरीक सिंह, समाज सेवा ट्रस्ट के प्रतिनिधि नवीन मसीह सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए यीशु भक्त सत्संग सोसायटी एवं द होली टच फाउंडेशन ट्रस्ट के अध्यक्ष पास्टर सुरेंद्र सागर जी ने कहा कि इस प्रकार के स्वास्थ्य प्रशिक्षण कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य लोगों को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में लोग अपने स्वास्थ्य को नजरअंदाज कर रहे हैं, जिसके कारण अनेक बीमारियां जन्म ले रही हैं। उन्होंने ग्रामीणों से संतुलित आहार, स्वच्छता और नियमित दिनचर्या अपनाने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान किचन गार्डन विषय पर भी विस्तार से चर्चा की गई। वक्ताओं ने बताया कि यदि लोग अपने घरों में ही सब्जियां उगाएं तो रासायनिक खाद और कीटनाशकों से होने वाली बीमारियों से बचा जा सकता है।



# गदरपुर में सफाई व्यवस्था की पोल खुली खुले मैदानों में डाला जा रहा कचरा

गदरपुर। नगर पालिका परिषद गदरपुर की सफाई व्यवस्था एक बार फिर सवालों के घेरे में आ गई है। बुध बाजार क्षेत्र में नगर पालिका कर्मचारियों द्वारा खुले मैदान में कचरा फेंके जाने के आरोपों से स्थानीय लोगों में भारी नाराजगी है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि इस लापरवाही के चलते मच्छरों और कीड़े-मकोड़ों की संख्या तेजी से बढ़ रही है, जिससे संक्रामक बीमारियों का खतरा पैदा हो गया है।स्थानीय निवासियों ने बताया कि कचरा खुले में पड़े रहने से दुर्गंध फैल रही है और बच्चों व बुजुर्गों की सेहत पर सीधा असर पड़ रहा है। उनका कहना है कि स्वच्छता को लेकर नगर पालिका चेयरमैन द्वारा किए गए दावों के उलट जमीनी हकीकत बिल्कुल अलग नजर आ रही है। लोगों का आरोप है कि सफाई व्यवस्था चरमरा चुकी है और अधिकारियों की उदासीनता का खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा है।स्थानीय व्यापारियों ने भी हालात पर चिंता जताते हुए कहा कि दुकानों के आसपास फैली गंदगी से ग्राहकों की आवाजाही कम हो रही है, जिससे व्यापार प्रभावित हो रहा है। उन्होंने नगर प्रशासन से तत्काल प्रभावी कदम उठाने की मांग की है।इस पूरे मामले पर नगर पालिका के जिम्मेदार अधिकारियों की ओर से अभी तक कोई स्पष्ट प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। वहीं नागरिकों का कहना है कि यदि जल्द ही सफाई व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे। स्वच्छता और स्वास्थ्य से जुड़ा यह मुद्दा अब नगर प्रशासन के लिए बड़ी चुनौती बनता जा रहा है।



# कांग्रेस को जमीनी स्तर पर मजबूत बनाने का लिया संकल्प

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्या, विधायक सुमित हृदयेश, जिला कांग्रेस अध्यक्ष राहुल छिम्मवाल एवं महानगर कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह बिष्ट ने वार्ड संख्या 56 की पार्षद श्रीमती भागीरथी बिष्ट के विद्यालय देवभूमि अकैडमी पहुँचकर उनसे भेंट की तथा विद्यालय परिवार को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ प्रेषित कीं। इस अवसर पर उपस्थित सभी वरिष्ठ कांग्रेस पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों के मध्य सकारात्मक वातावरण में संयुक्त चर्चा एवं विचार विमर्श हुआ। संवाद के दौरान कांग्रेस पार्टी की विचारधारा, संविधानिक मूल्यों, सामाजिक न्याय, लोकतंत्र की मजबूती तथा जनहित से जुड़े विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई और संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक सशक्त बनाने का संकल्प लिया गया। विगत कुछ समय पूर्व कुछ कारणोंवश श्रीमती भागीरथी बिष्ट ने कांग्रेस पार्टी से दूरी बनाई थी, किंतु नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्या, विधायक सुमित हृदयेश, जिला अध्यक्ष राहुल छिम्मवाल एवं महानगर अध्यक्ष गोविंद सिंह बिष्ट की उपस्थिति में हुई इस सकारात्मक एवं विश्वासपूर्ण संयुक्त चर्चा के पश्चात उन्होंने कांग्रेस पार्टी के प्रति अपनी आस्था को पुनः सुदृढ़ करते हुए संगठन के साथ सक्रिय रूप से कार्य करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। कांग्रेस परिवार ने श्रीमती भागीरथी बिष्ट का स्वागत एवं आभार व्यक्त करते हुए यह विश्वास जताया कि उनके अनुभव, समर्पण एवं जनसेवा की भावना से संगठन को पूर्व की भाँति भविष्य में भी ऊर्जा, मजबूती एवं दिशा प्राप्त होती रहेगी। इस अवसर पर सतीश नैनवाल, किरन माहरा, कृष्णा नेगी, मंजू पाण्डेय, भोला दत्त भट्ट, रेणु तोमर, गोविंद बिष्ट, मुन्नी जोशी, हेमा पांडेय, गीता, पुष्पा नेगी सहित अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता, पदाधिकारी एवं गणमान्यजन उपस्थित रहे।



# आरएसबी ट्रांसमिशन में हर्षोल्लास के साथ मनाया गणतंत्र दिवस

पंतनगर (उद संवाददाता)। आरएसबी ट्रांसमिशन (आई) लिमिटेड पंतनगर परिसर में 77वां गणतंत्र दिवस समारोह गरिमामय और अनुशासित वातावरण में धूमधाम से मनाया गया। राष्ट्रभक्ति और संगठनात्मक एकजुटता से ओत-प्रोत यह आयोजन कर्मचारियों के लिए प्रेरणा का केंद्र रहा। समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं प्लांट हेड आनंद चंद दास द्वारा ध्वजारोहण के साथ किया गया। तिरंगा फहराने के पश्चात उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों ने सामूहिक रूप से राष्ट्रगान गाया, जिससे पूरा परिसर देशभक्ति के स्वरों से गूंज उठा। अपने संबोधन में आनंद चंद दास ने भारतीय संविधान के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने राष्ट्रीय एकता, अनुशासन और सामाजिक उत्तरदायित्व को प्रत्येक नागरिक का अनिवार्य कर्तव्य बताया। उन्होंने कर्मचारियों से गुणवत्ता, सुरक्षा और उत्कृष्ट कार्य संस्कृति को अपनाकर राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया। इस अवसर पर संस्थान प्रबंधन ने देश के औद्योगिक विकास में अपनी भूमिका, उच्च गुणवत्ता मानकों और कार्यस्थल सुरक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। कार्यक्रम में मानव संसाधन प्रमुख सुधीर कुमार यादव सहित मुकेश पंत, मनोज पांडा, योगेश पंत, विजय कुमार, उमेश सिंह, चमन गंगवार, अंशु, संतोष साहू, रंजीत एवं अन्य अधिकारियों व कर्मचारियों की सक्रिय भागीदारी रही। समारोह का समापन अल्पाहार और आपसी मेल-मिलाप के साथ हुआ, जहां सभी ने भाईचारे के साथ गणतंत्र दिवस की खुशियां साझा कीं।



# यूसीसी के वार्षिक उत्सव पर तहसील में शिविर का आयोजन

सितारगंज। समान नागरिक संहिता यूसीसी के एक वर्ष पूर्ण होने पर तहसील परिसर में बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें विवाह पंजीकरण शिविर को प्राथमिकता दी गई। इस दौरान 27 शादीशुदा जोड़ों ने विवाह पंजीकरण के लिए आवेदन कर यूजीसी का लाभ लिया। मंगलवार को तहसील परिसर में भाजपा जिला अध्यक्ष कमल जिंदल, एसडीएम रविंद्र कुमार जुवाठा, तहसीलदार हिमांशु जोशी, कोतवाल सुंदरम शर्मा आदि अधिकारियों की उपस्थिति में बहुद्देशीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की प्राथमिकता समान नागरिक संहिता कानून के एक वर्ष पूर्ण होने पर आमजन को सुविधा और योजनाओं से लाभान्वित करना रहा। यहां स्कूली विद्यार्थियों ने समान नागरिक संहिता यानी यूसीसी वार्षिक उत्सव पर आमजन को विस्तार पूर्वक जानकारी दी। विद्यार्थियों ने अपने वक्तव्य में कहा कि समान नागरिक संहिता कानून राज्य में सबसे पहले लागू हुआ है। इसके लागू होने से विवाह, तलाक, विरासतन आदि में एक सामान्य नियम लागू है। भाजपा जिला अध्यक्ष कमल जिंदल ने कहा कि प्रदेश की धामी सरकार ने प्रत्येक नागरिक के लिए धर्म, पंथ, समुदाय से हटकर एक सामान्य कानून बनाया है। जिससे सभी को सामान्य अधिकार मिल सके। यूसीसी सामाजिक समरसता और न्याय की गारंटी बनकर उभरा हैं। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग, नगर पालिका विभाग, पंचायती राज आदि विभागों ने स्टॉल लगाए थे। इस मौके पर पूर्ति निरीक्षक केके बिष्ट, धर्मेंद्र सिंह धामी, डॉक्टर इरफान अली, प्रमोद पांडे, मुकेश डालाकोटी आदि मौजूद रहे।



# गदरपुर कोतवाली में शान के साथ फहराया गया तिरंगा

गदरपुर (उद संवाददाता)। कोतवाली गदरपुर में 77वां गणतंत्र दिवस बड़े ही हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में मनाया गया। इस राष्ट्रीय पर्व के अवसर पर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक संजय पाठक द्वारा ध्वजारोहण किया गया। तिरंगा फहराने के पश्चात परिसर में मौजूद समस्त पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों ने राष्ट्रध्वज को सलामी दी और देश की एकता व अखंडता को अक्षुण्ण बनाए रखने का सामूहिक संकल्प लिया।इस दौरान आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रभारी निरीक्षक संजय पाठक ने भारतीय संविधान के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि पुलिस बल का मुख्य ध्येय जनसेवा और सुरक्षा है। उन्होंने सभी अधीनस्थ अधिकारियों और कर्मचारियों को पूरी ईमानदारी, पारदर्शिता और कर्तव्यनिष्ठा के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने का संदेश दिया। उन्होंने जोर दिया कि अनुशासन और सेवा भावना ही पुलिस विभाग की असली पहचान है।ध्वजारोहण समारोह के उपरांत गणतंत्र दिवस की खुशी में मिष्ठान वितरण किया गया। थाना परिसर में मौजूद सभी पुलिसकर्मियों ने उत्साहपूर्वक प्रसाद ग्रहण कर एक-दूसरे को राष्ट्रीय पर्व की बधाई दी। पूरे कार्यक्रम के दौरान कोतवाली परिसर देशभक्ति के नारों और उल्लासपूर्ण माहौल से सराबोर रहा। इस अवसर पर कोतवाली गदरपुर के समस्त निरीक्षक, उपनिरीक्षक, हेड कांस्टेबल और कांस्टेबल मौजूद रहे।




जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
मोबाइल, चिप, डिजिटल कैमरा, पेन ड्राइव, सीडी आदि डिजिटल कार्य तुरन्त बनवायें।
काशीपुर बाईपास रोड,
गुरुनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रुद्रपुर
E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com
Web: jagdishcolourlab.com
05944-246817

# हर्षोल्लास के साथ मनाया 77वां गणतंत्र दिवस

## रेनबो पब्लिक स्कूल में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से बच्चों ने जगाई राष्ट्रप्रेम की अलख, शहीदों को दी श्रद्धांजलि

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। शहर के प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थान रेनबो पब्लिक स्कूल में देश का 77वां गणतंत्र दिवस अत्यंत हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रबंधक संजीव कुमार ने ध्वजारोहण कर किया। इसके पश्चात उन्होंने प्रधानाचार्य संजय कुमार अग्रवाल, उपप्रधानाचार्य स्मिता पाठक और गीतांजलि मलिक के साथ मिलकर स्वतंत्रता सेनानियों एवं शहीदों के चित्रों पर माल्यार्पण किया और दीप प्रज्वलित कर अमर बलिदानियों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की।इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति से ओत-प्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुति दी। अंशु उपाध्याय और अर्जुन वर्मा के निर्देशन में विद्यार्थियों ने 'भारत प्यारा देश हमारा', 'मेरा देश मेरा चमन' और 'वंदे मातरम' जैसे गीतों के माध्यम से राष्ट्र प्रेम का परिचय दिया। वहीं वंदना चौधरी और सोनाली सरकार के निर्देशन में तैयार नृत्य प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया।



छात्र-छात्राओं ने अपने ओजस्वी भाषणों से उपस्थित जनसमूह में देश प्रेम की भावना जागृत की।समारोह को संबोधित करते हुए प्रबंधक संजीव कुमार ने बच्चों को गणतंत्र दिवस की बधाई दी और उन्हें कड़ी मेहनत कर व बेहतर अंक अर्जित कर देश का आदर्श नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया। प्रधानाचार्य संजय कुमार अग्रवाल ने विद्यार्थियों को गणतंत्र दिवस के गौरवशाली इतिहास और इसके महत्व की जानकारी देते हुए अपने कर्तव्यों का पूर्ण निष्ठा के साथ पालन करने का संदेश दिया। कार्यक्रम के समापन पर उपप्रधानाचार्य स्मिता पाठक ने सभी छात्र-छात्राओं और शिक्षक- शिक्षिकाओं का आभार व्यक्त किया। इस दौरान जी.एस रावत, निहारिका, काजल झाम, सरिता सिंह सहित समस्त रेनबो परिवार उपस्थित रहा।












## मैत्री क्रिकेट मैच में आरएफसी इलेवन ने मारी बाजी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। रूद्रपुर राइस मिलर्स एसोसिएशन के तत्वावधान में ड्रोन कॉलेज मैदान में एक मैत्री क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। आरएफसी इलेवन और रूद्रपुर राइस मिलर्स एसोसिएशन इलेवन के बीच खेले गए इस मुकाबले में आरएफसी इलेवन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज की। मैच के संयोजक अमित जिंदल ने बताया कि यह आयोजन पूरी तरह सफल रहा और इसमें हार-जीत से कहीं ऊपर खेल भावना का प्रदर्शन देखने को मिला।मैच का शुभारंभ मुख्य अतिथि सी.एस. मार्तोलिया (आरएफसी कुमाऊं) ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। उन्होंने खिलाड़ियों को क्रिकेट की वास्तविक भावना को बनाए रखने का संदेश दिया। मैच का टॉस आरएमओ लता मिश्रा द्वारा कराया गया, जिसे रूद्रपुर राइस मिलर्स एसोसिएशन इलेवन ने जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में सुरेंद्र सिंह ग्रोवर, विजय भूषण गर्ग और किशोर शर्मा मौजूद रहे।मैदान पर दोनों टीमों के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिली। बल्लेबाजों के आकर्षक शॉट्स और गेंदबाजों की सटीक लाइन लेंथ ने दर्शकों को अंत तक रोमांचित रखा। खेल के दौरान खिलाड़ियों के बीच आपसी भाईचारा, अनुशासन और सौहार्द का माहौल बना रहा। मुख्य अतिथि सी.एस. मार्तोलिया ने संबोधन में कहा कि इस तरह के खेल आयोजन समाज में एकता, बेहतर स्वास्थ्य और सकारात्मक प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देते हैं। विशिष्ट अतिथियों ने भी इस सफल आयोजन के लिए आयोजकों की सराहना की।मुकाबले के बाद विजेता और उपविजेता टीमों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। रूद्रपुर राइस मिलर्स एसोसिएशन ने सभी अतिथियों, खिलाड़ियों और सहयोगियों का आभार जताते हुए भविष्य में भी इस तरह के आयोजन जारी रखने की बात कही। मैच में मैन ऑफ द मैच का खिताब आरएफसी इलेवन के संजय को दिया गया। अंपायर की जिम्मेदारी अमित जिंदल और कमेंट्री का कार्यभार सुमित श्यामपुरिया ने संभाला।रूद्रपुर राइस मिलर्स एसोसिएशन की टीम का नेतृत्व कप्तान व अध्यक्ष गगन गर्ग ने किया। टीम में श्याम अग्रवाल, आयुष गर्ग, धूर्व सिंघल, जतीन जिंदल, अरुण अग्रवाल, अजय बंसल, मनदीप गुगलानी, गौरव सिंघल, सार्थक गोयल और प्रवेश अग्रवाल शामिल रहे। वहीं आरएफसी इलेवन की ओर से कप्तान अशोक कुमार, अतुल चतुर्वेदी, अरुण रावत, मनोज मूँड़ल, रविराज सिंह, मनीष नेगी, अर्जुन रावत, राहुल बलूटिया, राकेश, संजय और अखिलेश ने दम दिखाया। इस मौके पर रूद्रपुर एसएमओ हेमंत जोशी, महेंद्र गोयल, राजू गुप्ता, कैलाश अग्रवाल, अर्चित, दिनेश गुप्ता, प्रदीप अग्रवाल, जगदीश, चित्रा जोशी, हरप्रीत कौर, राधे श्याम अग्रवाल और अमित घई सहित कई लोग उपस्थित रहे।



## केएलए इंडिया में धूमधाम से मनाया गया 77वां गणतंत्र दिवस

रूद्रपुर। उत्तराखण्ड की प्रतिष्ठित औद्योगिक इकाई केएलए इंडिया लिमिटेड के परिसर में 77वां गणतंत्र दिवस अत्यंत हर्षोल्लास और देशभक्तिपूर्ण वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम में केएलए ग्रुप के चेयरमैन कुंदन लाल अग्रवाल और श्रीमती शकुंतला अग्रवाल ने संयुक्त रूप से राष्ट्रीय ध्वज फहराया। ध्वजारोहण के पश्चात उपस्थित सभी लोगों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी गईं और अमर शहीदों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई। समारोह को संबोधित करते हुए चेयरमैन कुंदन लाल अग्रवाल ने कहा कि गणतंत्र दिवस केवल एक पर्व नहीं, बल्कि हमारे गौरवशाली संविधान और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति समर्पण का दिन है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि आज भारत विश्व पटल पर एक मजबूत शक्ति के रूप में उभर रहा है और इस प्रगति में औद्योगिक क्षेत्र का महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने सभी कर्मचारियों का आह्वान किया कि वे अपने अधिकारों के साथ-साथ संवैधानिक कर्तव्यों के प्रति भी सजग रहें और देश की उन्नति में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। वहीं, कंपनी के एमडी अरूण अग्रवाल ने अपने संदेश में कहा कि प्रत्येक नागरिक और विशेषकर युवाओं का यह दायित्व है कि वे पूरी निष्ठा के साथ राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया में सहभागी बनें। उन्होंने कहा कि ईमानदारी और परिश्रम से किया गया कार्य ही राष्ट्र के प्रति सच्ची सेवा है। इस अवसर पर अशोक अग्रवाल, रक्षित अग्रवाल, नीतू अग्रवाल, रंजना अग्रवाल, अनीषा अग्रवाल, नितिशा अग्रवाल, गिरीश कुमार, भुवन, लक्ष्मण, राजन, बबली, राजेन्द्र मेहता, धर्मपाल, सुनील, हरपाल, राकेश साहनी, विजय, बांदु राम सहित कंपनी के तमाम अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।





## विद्यालय में फहराया तिरंगा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर पूर्व पालिका अध्यक्ष और कांग्रेस की वरिष्ठ नेत्री मीना शर्मा ने शहर के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में पहुंचकर ध्वजारोहण किया। इस दौरान उन्होंने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए राष्ट्र के प्रति उनके कर्तव्यों का बोध कराया।राष्ट्रीय पर्व के उल्लास के बीच मीना शर्मा खेड़ा स्थित स्वर्णिमा शिशु भारती स्कूल पहुंची। विद्यालय परिसर



में मुख्य अतिथि के रूप में उन्होंने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और तिरंगे को सलामी दी। ध्वजारोहण के पश्चात उन्होंने मेधावी और विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कार वितरित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय आगमन पर वहां तैनात अध्यापिकाओं ने मीना शर्मा का जोरदार स्वागत किया और उन्हें पुष्प गुच्छ भेंट किए। इस दौरान अपने संबोधन में उन्होंने शिक्षा के महत्व और देश की प्रगति में युवाओं की भूमिका पर भी जोर दिया।

# मीडिया क्लब गदरपुर की नई कार्यकारिणी का गठन

## मुकेश पाल अध्यक्ष, किशन गुप्ता महामंत्री और राकेश अरोरा कोषाध्यक्ष चुने गए

गदरपुर(उद संवाददाता)। मीडिया क्लब गदरपुर की एक महत्वपूर्ण और निर्णायक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें संगठन को नई दिशा देने के उद्देश्य से सर्वसम्मति के साथ पुरानी कार्यकारिणी रहा है।बैठक की कार्यवाही पूरी तरह पारदर्शी और लोकतांत्रिक तरीके से संपन्न हुई। सभी सदस्यों को अपने विचार रखने का अवसर दिया गया, जिसके बाद दो तिहाई सहमति के जरिए नई कार्यकारिणी मौजूद सदस्यों में उत्साह और सकारात्मक ऊर्जा का माहौल देखने को मिला। नवनिर्वाचित अध्यक्ष मुकेश पाल ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मीडिया क्लब गदरपुर पत्रकारों की का समाधान प्राथमिकता के आधार पर हो और उनकी आवाज को मजबूती मिले।"महामंत्री किशन गुप्ता ने अपने संबोधन में संगठनात्मक ढांचे को और अधिक सशक्त बनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा। कोषाध्यक्ष राकेश अरोरा ने संगठन की आर्थिक पारदर्शिता पर भरोसा दिलाते हुए कहा कि मीडिया क्लब के सभी वित्तीय कार्य पूरी ईमानदारी और स्पष्टता के साथ शुभकामनाएं दीं और संगठन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का समापन आपसी सौहार्द, एकजुटता और सकारात्मक वातावरण के साथ किया गया इस दौरान उमर अली,








को भंग कर दिया गया। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने दो-तिहाई सहमति के प्रस्ताव के माध्यम से नई कार्यकारिणी के गठन को मंजूरी दी। इस फैसले को मीडिया क्लब गदरपुर के इतिहास में एक अहम और दूरगामी प्रभाव वाला कदम माना जा का चयन किया गया। इस प्रक्रिया में अध्यक्ष पद पर मुकेश पाल, महामंत्री पद पर किशन गुप्ता तथा कोषाध्यक्ष पद पर राकेश अरोरा को दो-तिहाई बहुमत के साथ निर्वाचित किया गया। नई कार्यकरणी गठित होते ही बैठक स्थल पर एकजुटता, स्वतंत्रता और अधिकारों की रक्षा के लिए निरंतर संघर्ष करता रहेगा। उन्होंने कहा, "हमारा प्रयास रहेगा कि मीडिया क्लब को एक मजबूत, निष्पक्ष और सक्रिय मंच के रूप में विकसित किया जाए, जहां पत्रकारों की समस्याओं उन्होंने कहा कि नई कार्यकारिणी का मुख्य उद्देश्य पत्रकारों के हितों की रक्षा के साथ-साथ सामाजिक सरोकारों को भी मजबूती से उठाना होगा। "मीडिया की गरिमा और निष्पक्षता को बनाए रखना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी," संचालित किए जाएंगे। उन्होंने आश्वासन दिया कि क्लब के संसाधनों का उपयोग केवल पत्रकारों के हित, प्रशिक्षण और विकास कार्यों के लिए किया जाएगा।बैठक के अंत में सभी सदस्यों ने नवगठित कार्यकारिणी को शाहनूर अली,रिजवान अख्तर,रामपाल सिंह, विप्लव कुमार,अमित अरोरा,नितिन छावड़ा, दुलाल चक्रवर्ती, देवेंदु राय, विभुति मंडल, प्रकाश अधिकारी,सचिन गुप्ता, एल बी रॉय,रेहान खान,राजेंद्र छाबड़ा,शिवम छावड़ा आदि पत्रकार मौजूद रहे

# महिला एवं सामाजिक जागरूकता कल्याण समिति ने धूमधाम से मनाया गणतंत्र दिवस

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। महिला एवं सामाजिक जागरूकता कल्याण समिति द्वारा सिविल लाइन क्षेत्र में 77वें गणतंत्र दिवस का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं, बच्चों और गणमान्य नागरिकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और राष्ट्र के प्रति अपनी अटूट आस्था प्रकट की।समारोह को संबोधित करते हुए समिति की अध्यक्ष डॉ. उषा नरेंद्र जैन ने सभी को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि 26 जनवरी 1950 को संविधान लागू होने के साथ ही भारत एक संपूर्ण लोकतांत्रिक गणराज्य बना। उन्होंने गणतंत्र की महत्ता समझाते हुए कहा कि यह जनता का, जनता के लिए और जनता द्वारा संचालित शासन है। इस दौरान उन्होंने भगत सिंह, सुभाष चंद्र बोस, महात्मा गांधी और पंडित नेहरू सहित सभी ज्ञात-अज्ञात स्वतंत्रता सेनानियों को नमन किया। डॉ. जैन ने कहा कि आजादी केवल अधिकार नहीं, बल्कि देश के प्रति हमारी जिम्मेदारी भी है।अपने उद्बोधन में डॉ. जैन ने सेवा, स्वास्थ्य, संस्कार और स्वावलंबन पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि जब तक समाज का अंतिम व्यक्ति मजबूत नहीं होगा, तब तक राष्ट्र सशक्त नहीं हो सकता। उन्होंने रोग मुक्त भारत, संस्कारों का निर्माण और महिला सशक्तिकरण को राष्ट्र निर्माण की असली आधारशिला बताया। कार्यक्रम में बच्चों ने विभिन्न देशभक्ति प्रस्तुतियां दीं। समिति की टीम ने "दिल दिया है जान भी देंगे ऐ वतन तेरे लिए" गीत पर शानदार प्रस्तुति देकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। उपस्थित लोगों ने अपने अधिकारों और कर्तव्यों को पूरी निष्ठा से निभाने का संकल्प लिया।इस अवसर पर समिति की उपाध्यक्ष राधा सुभाष, मीडिया प्रभारी कविता रावत, ममता नेगी, दुर्गावती, रूपा, श्वेता, सुमन तिवारी, सीता चौरसिया, रेनू सक्सेना, विनीता लखेड़ा, पुष्पा सुंदरलाल, कविता



अधिकारी, सुमन देवी, लीलावती अधिकारी, पूनम सिंह, पुष्पा नेगी, जानकी बिष्ट, भावना देवी, अलका गाबा, सुशीला देवी, नीलम देवी, सुधा देवी, सुनीता सैनी, गीता उमराव, सरोज देवी, निर्मला देवी, संदीप कुमार, राजकुमार, पी. के. सिंह, रविंदर राव और कलावती रावत सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# नन्हे मुन्नों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने जीता दिल

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। भानु प्रताप पब्लिक स्कूल में 77वां गणतंत्र दिवस बड़े उत्साह, गरिमा और देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। पूरा विद्यालय परिसर राष्ट्रीय गौरव के रंगों में सराबोर नजर आया। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं, शिक्षकों और कर्मचारियों ने स्वतंत्रता सेनानियों एवं भारतीय संविधान के जनक डॉ. भीमराव अंबेडकर को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की।उत्सव का शुभारंभ भव्य रूप से किया गया, जो भारत के लोकतंत्र के निर्माताओं के प्रति कृतज्ञता को दर्शाता रहा। इस अवसर पर प्रधानाचार्य ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में संविधान में निहित मौलिक अधिकारों और कर्तव्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि एक मजबूत और एकजुट राष्ट्र के निर्माण के लिए प्रत्येक नागरिक को अपने कर्तव्यों का पालन ईमानदारी, नैतिकता और जिम्मेदारी के साथ करना चाहिए। उनके विचारों ने छात्रों को अनुशासित और मूल्य-आधारित नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया।समारोह में रंगारंग




सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने समां बांध दिया। कक्षा 2 और 3 के नन्हे विद्यार्थियों ने मनमोहक देशभक्ति नृत्य प्रस्तुत कर अपनी मासूमियत और ऊर्जा से सभी का दिल जीत लिया। वहीं, कक्षा 9 की छात्राओं ने आत्मविश्वास और तालमेल के साथ शक्तिशाली नृत्य प्रदर्शन कर गहरी देशभक्ति की भावना प्रदर्शित की। छात्र-छात्राओं जीविका चंद्र, अराना, श्रेया, मोहसिन और नजराना ने प्रभावशाली भाषणों के माध्यम से राष्ट्र के प्रति अपने प्रेम को व्यक्त किया और गणतंत्र दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला।कार्यक्रम का सफल संचालन कक्षा 10 की इशिका और अक्षिता चंद्र ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान दया राम और आरती ने भावपूर्ण देशभक्ति गीत प्रस्तुत कर माहौल को और भी अधिक प्रेरणादायक बना दिया। शिक्षिका मनीषा ने अपने संबोधन में छात्रों को सच्चाई, एकता और जिम्मेदारी के मार्ग पर चलने के लिए प्रोत्साहित किया। इस गरिमामय अवसर पर स्कूल कोऑर्डिनेटर नेहा सहित कोमल गुप्ता, ज्योति, अखिलेश, अक्षय, महिपाल, रजनेश एवं अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

SAHAS Homeo
साहस होम्यो मेडिकल स्टोर एवं क्लीनिक
जर्मन तथा सभी प्रकार के होम्योपैथिक व बायोकैमिक दवाईयों के विक्रेता



डॉ. यश पाण्डेय
होम्योपैथिक फिजिशियन
बी.एच.एम.एस., जयपुर
चर्म रोग | गुर्दा रोग | पेट रोग
गुदा रोग | लिवर सम्बन्धि रोग
अन्य रोग • स्पान्डीलाईटिस • श्वास रोग • मोटापा • दमा • प्रोस्टेट • माइग्रेन • टान्सिल • एलर्जी • ब्रोनकाइटिस
बच्चों के रोग • पेट का दर्द • अपच • कान में संक्रमण / दर्द • खांसी • जुकाम • निमोनिया • बुखार • दांत निकलना
साहस होम्यो क्लीनिक
निकट गुरुद्वारा, कालाढूंगी रोड, हल्द्वानी
मो. 9456727473, 9410514531 शनिवार अवकाश

# जन्मभूमि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में मना गणतंत्र दिवस

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। देश का 77 वां गणतंत्र दिवस ट्रांजिट कैम्प स्थित जन्मभूमि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में हर्षोल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पूर्व पालिकाध्यक्ष मीना शर्मा, अनिल शर्मा, मोनिका ढाली आदि ने विद्यालय के प्रबन्धक डा. सुमित राय , प्रधानाचार्य नितीश कुमार के साथ झंडा रोहण में प्रतिभाग किया। प्रबंधक डा. सुमित राय ने सभी गणमान्य अतिथियों का स्वागत करते हुए उपस्थित सभी विद्यालय स्टाफ व छात्र छात्राओं को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान छात्र छात्राओं द्वारा देश भक्ति से ओतप्रोत




कई सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। अंत मे मिष्ठान वितरण किया गया। कार्यक्रम में संजीव रस्तोगी, बेबी सिकदार, उमा सरकार, रामधारी गंगवार, मध सिकदार, दिनेश मौर्य, रविन्द्र गुप्ता, राज चंद्र, कमल, विद्यालय के दीपक कुमार, देवेश, श्रीमती सुमित्रा , श्रीमति दीपिका , श्रीमति नीलम गंगवार, श्रीमती सरिता, श्रीमती ममता दास,बश्रीमति नीतू , श्रीमती रितु, ममता , श्रीमती ममता दिवाकर, निर्मला, श्रीमती प्रियंका , प्रियंका , प्रियांशी, श्रीमती प्रीति, श्रीमती उमा, श्रीमति शालिनी राय, श्रीमती प्रिया , अंजू , श्रीमती सविता, श्रीमती मिथिलेश, भावना व विद्यालय के कर्मचारी श्रीमती सुनीता , श्रीमती संगीता , श्रीमती आशा के साथ साथ विद्यालय के समस्त अभिभावक गण एवं छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

# ब्रिलिएंट एकेडमी में गणतंत्र दिवस की रही धूम

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। ट्रांजिट कैम्प स्थित ब्रिलिएंट एकेडमी स्कूल में राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया और छात्र छात्राओं द्वारा देश भक्ति से ओतप्रोत कई सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। विद्यालय प्रबन्धक परिमल राय व प्रधानाचार्या बुलबुल राय द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया और सलामी देकर समस्त स्टाफ व छात्र छात्राओं के साथ राष्ट्रीय गान गया। जिसके पश्चात छात्र छात्राओं द्वारा देश भक्ति से ओतप्रोत कई सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। जिन्हें देखकर सभी तालियां बजाकर झूमने लगे। प्रबंधक परिमल राय ने अपने संबोधन में कहा कि 26 जनवरी 1950 को देश में संविधान लागू हुआ था। इसी दिन को देश में गणतंत्र दिवस के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने सभी से देश व समाज के प्रति निष्ठा भावना से सेवा कर खुद को समर्पित करने का आव्हान किया। प्रधानाचार्या बुलबुल राय ने सभी को गणतंत्र दिवस की बधाई देते हुए कहा कि युवा वर्ग नशे व अन्य बुराइयों से दूर रहकर औरों को भी इसके लिए प्रेरित करे। इस मौके आर विद्यालय में मिष्ठान वितरण किया गया। इस दौरान सुब्रत रॉय, कल्याण , ओमपाल, गोपाल कृष्ण कालाकोटि, गायत्री श्रीवास्तव, गोपाल कृष्ण कालाकोटी, अनुपमा सिह, उप प्रधानाचार्य शान्ति आर्या, सुब्रत राय, ऋचा गुप्ता, कल्याण, आरती श्रीवास्तव, ओमपाल, सीमा निषाद, अंजलि, प्रतीक्षा गंगवार, प्राची रस्तोगी, प्रीति, पिंकी, तुषा श्रीवास्तव, सरिता राठौर, रूपा राठौर, ज्योति पाठक, सोनी रस्तोगी, अनीशा, क्रान्ति गंगवार, सुनीता भारद्वाज, हेमा गंगवार, कनक, अमृता, आंशिक चौधरी, पूजा गुप्ता, मधु, अर्चना आदि मौजूद थे।






# आरएएन स्कूल में गणतंत्र दिवस की धूम, मेधावियों को मिला सम्मान








रूद्रपुर (उद संवाददाता)। आर.ए.एन. पब्लिक स्कूल में 76वां गणतंत्र दिवस अत्यंत हर्षोल्लास, देशभक्ति और गरिमामय वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय परिसर में चेयरमैन विंग कमांडर एच.के. राय द्वारा ध्वजारोहण के साथ किया गया। इस गौरवपूर्ण अवसर पर 15वीं बटालियन एनडीआरएफ गदरपुर के कमांडेंट संतोष कुमार गुलेरिया एवं सरिता गुलेरिया मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में पंतनगर विश्वविद्यालय के कृषि निदेशक डॉ. ए. एस. नैन ने शिरकत की।समारोह में आर.ए.एन. एजुकेशन सोसाइटी के चेयरमैन विंग कमांडर एच.के. राय, निदेशक मोहित राय, प्रशासिका निधि राय, प्रधानाचार्या ममता बिष्ट और रेखा कर्नाटक विशेष रूप से मौजूद रहीं। भुरारानी शाखा की प्रधानाचार्या भावना भनोट ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि यह दिन देश की भावना का जश्न मनाने के साथ ही छात्रों की उपलब्धियों और विद्यालय की सामूहिक प्रगति पर विचार करने का अवसर है। कार्यक्रम का आगाज गणेश आरती से हुआ, जिसके बाद विद्यालय की डिबडिबा और भुरारानी शाखा के उन छात्र-छात्राओं को ट्रॉफी, प्रमाण पत्र व नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया जिन्होंने सीबीएसई बोर्ड कक्षा 10 (सत्र 2024ख25) में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। साथ ही खेलकूद और अन्य गतिविधियों में उपलब्धियां हासिल करने वाले बच्चों को भी पुरस्कृत किया गया।इस दौरान विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीतों की मनमोहक प्रस्तुति दी। भुरारानी शाखा के छात्रों ने जगन्नाथ यात्रा और भारतीय इतिहास के महान अर्थशास्त्री चाणक्य के जीवन पर आधारित नृत्य-नाटिका का मंचन किया, जिसने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। मुख्य अतिथि संतोष कुमार गुलेरिया ने अपने संबोधन में कहा कि आज के विद्यार्थी ही कल के नागरिक हैं, उन्हें देश की संस्कृति और विरासत के साथ-साथ वर्तमान परिस्थितियों के प्रति जागरूक रहना चाहिए। अंत में डिबडिबा शाखा की प्रधानाचार्या ममता बिष्ट ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया। समारोह का समापन मिठाई वितरण के साथ हुआ। कार्यक्रम में राष्ट्रप्रेम, अनुशासन और सांस्कृतिक मूल्यों की अद्भुत झलक देखने को मिली।

# आईजी ने किया संवैधानिक मूल्यों को आत्मसात करने का आह्वान





नैनीताल । 77वें गणतंत्र दिवस के शुभ एवं गौरवमयी अवसर पर कुमायूँ परिक्षेत्र की पुलिस महानिरीक्षक श्रीमती रिद्धिम अग्रवाल ने कुमायूँ परिक्षेत्र की समस्त जनता, पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों एवं उनके परिवारजनों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ प्रेषित कीं। अपने संदेश में आईजी रिद्धिम ने कहा कि गणतंत्र दिवस केवल एक राष्ट्रीय पर्व नहीं है, बल्कि यह हमारे संविधान, लोकतांत्रिक मूल्यों, स्वतंत्रता संग्राम के अमर बलिदानों तथा भारत की एकता और अखंडता के प्रति हमारी सामूहिक प्रतिबद्धता का प्रतीक है। यह दिवस प्रत्येक नागरिक कोस्मरण कराता है कि संविधान द्वारा प्रदत्त अधिकारों के साथ-साथ हमारे कर्तव्य भी उतने ही महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने कहा कि कुमायूँ परिक्षेत्र की पुलिस जनता की सेवा, सुरक्षा और विश्वास को सर्वोपरि मानते हुए कानून-व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने, अपराध नियंत्रण, महिला सुरक्षा, साइबर अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण तथा समाज के कमजोर वर्गों की रक्षा हेतु निरंतर सजग एवं प्रतिबद्ध है। विषम और चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में भी पुलिस बल द्वारा कर्तव्यनिष्ठा, अनुशासन और साहस के साथ किए जा रहे प्रयास प्रशंसनीय हैं। आईजी अग्रवाल ने कहा कि इस पावन अवसर पर यह आवश्यक है कि सभी नागरिक अपने आचरण, कार्यशैली और निर्णयों में संवैधानिक मूल्योंख्न्याय, समानता,स्वतंत्रता और बंधुत्व-को आत्मसात करें तथा एक सुरक्षित, शांतिपूर्ण और सशक्त समाजके निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएँ। अंत में उन्होंने आह्वान किया कि इस गणतंत्र दिवस पर हम सभी राष्ट्र की एकता, अखंडता और संप्रभुता की रक्षा हेतु पूर्ण निष्ठा से कार्य करने तथा जनसेवा को अपना सर्वोच्च धर्म मानने का संकल्प लें।

# चोरों ने डेढ़ किलो चांदी और ढाई तोले सोने पर किया हाथ साफ

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। ट्रांजिट कैंप थाना क्षेत्र के गंगापुर नई कॉलोनी में चोरों ने एक बंद घर को निशाना बनाते हुए लाखों के सोने-चांदी के जेवरात और नकदी पर हाथ साफ कर दिया। पीड़ित परिवार जब वापस लौटा, तब गेट का ताला टूटा देख घटना का पता चला। पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की गई है।गंगापुर नई कॉलोनी निवासी ख्याली राम पुत्र लालता प्रसाद ने ट्रांजिट कैंप थाना पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनके साले मुकेश की मृत्यु हो गई थी। जिसके कारण 24 जनवरी 2026 की सुबह करीब 8 बजे वह अपनी पत्नी और बेटी के साथ गांव गए हुए थे। घर पर उनका पुत्र अनमोल मौजूद था, जो शाम करीब 6 बजे घर में ताला लगाकर कृष्णा कॉलोनी स्थित अपने चाचा के घर चला गया।अगले दिन 25 जनवरी की सुबह करीब 7:55 बजे जब अनमोल वापस घर पहुँचा, तो उसने देखा कि मुख्य गेट का ताला टूटा हुआ था। घर के भीतर अलमारी खंगालने पर पता चला कि अज्ञात चोर वहां से भारी मात्रा में आभूषण ले उड़े हैं। चोरी गए सामान में चांदी की तगड़ी, पायल, खड्डुआ (कुल वजन लगभग 1.5 किलोग्राम) और सोने की झुमकी, कुंडल, माथा टीका, नथ तथा तीन अलग -अलग मंगलसूत्र (कुल वजन लगभग 2.5 तोला) शामिल हैं। इसके अलावा चोरों ने गुल्लक में रखे करीब 7500 रुपये और दुकान के गल्ले से लगभग 4000 रुपये की नकदी भी पार कर दी। पीड़ित ने पुलिस से अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कड़ी कार्रवाई करने की गुहार लगाई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

# निशुल्क आयुर्वेदिक स्वास्थ्य शिविर आयोजित

रूद्रपुर। श्री रामदूत बालाजी कृपा ट्रस्ट रुद्रपुर के तत्वाधान में कृष्णा ग्रीन गंगापुर रोड स्थित निर्माणाधीन श्री रामदूत बालाजी मंदिर परिसर में निशुल्क आयुर्वेदिक स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिवा आयुर्वेदिक हर्बल स्टोर रुद्रपुर द्वारा प्रायोजित इस शिविर में शहर और आसपास के सैकड़ों निर्धन, असहाय और



बुजुर्ग लोगों ने स्वास्थ्य जांच कराकर निशुल्क परामर्श का लाभ लिया। ट्रस्ट के संस्थापक एवं अध्यक्ष बालाजी सेवक केशव दत्त शर्मा ने बताया कि ट्रस्ट का मुख्य उद्देश्य षनिस्वार्थ सेवा संकल्पष है। उन्होंने कहा कि गरीबों और असहाय जन मानस की सेवा के लिए रुद्रपुर व आसपास के क्षेत्रों में भविष्य में भी इस तरह के निशुल्क आयुर्वेदिक कैंपों का सिलसिला जारी रहेगा। स्वास्थ्य शिविर के साथ ही मंदिर परिसर में भव्य भंडारे और श्री बालाजी भजन संध्या का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ शहर के मुख्य समाजसेवी और राम भक्त सुशील गावा ने श्री बालाजी महाराज की ज्योत प्रज्वलित कर किया। भजन संध्या में श्रद्धालु भक्ति के रस में डूबे नजर आए। इस पुनीत कार्य में ट्रस्ट के सदस्य प्रमोद कुमार, कुबेर सिंह, ममता शर्मा, जीत बर्मन, संदीप शर्मा, शांति स्वरूप, राजवीर, राम मोहन, संजीव शर्मा, जितेंद्र गुप्ता सहित सैकड़ों सेवादार और सदस्य उपस्थित रहे।

# कोलम्बस परिवार ने धूमधाम से मनाया गणतंत्र दिवस







रूद्रपुर(उद संवाददाता)। मॉडल कॉलोनी स्थित कोलम्बस पब्लिक स्कूल के प्रांगण में देश का 77वाँ गणतन्त्र दिवस बहुत ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सर्वप्रथम विद्यालय के चेयरमैन केसर दास खेड़ा ने ध्वजा रोहण कर सभी को गणतन्त्र दिवस की बधाई दी। तत्पश्चात् विद्यालय के प्रधानाचार्य मनोज कुमार जी ने गणतन्त्र दिवस की बधाई प्रेषित कर छात्र-छात्राओं को देश-प्रेम व सत्य के मार्ग पर चलने हेतु प्रेरित किया साथ ही उन्होंने कहा कि हमारा कर्तव्य है कि हम अपने देश को और भी मजबूत और समृद्ध करें, ताकि हम आने वाली पीढ़ियों को उत्कृष्ट भविष्य का मौका दे सकें। इसके उपरान्त विद्यालय के छात्र- छात्राओं ने देश भक्ति से सराबोर रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी साथ ही विद्यालय के अध्यापकों ने भी देशभक्ति से ओत-प्रोत रंगारग प्रस्तुतियाँ देकर राष्ट्रीय एकता और अखंडता का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के हेड बॉय पार्थ यश ने अपने भाषण में देश की प्रगति का उल्लेख करते हुए कहा कि आज हम गर्व से कह सकते हैं कि हमारा देश विभिन्न क्षेत्रों में तेजी से प्रगति कर रहा है। विद्यालय के प्रबन्ध निदेशक मनोज खेड़ा ने अपने सम्बोधन में छात्र-छात्राओं को गणतन्त्र दिवस की बधाई दी। उन्होंने भारतीय संविधान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमें संविधान का पालन करते हुए अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर देश सेवा में अपना योगदान सुनिश्चित करना चाहिए। अपने उद्बोधन के दौरान खेड़ा ने बताया कि हमारा संविधान न केवल हमे स्वतंत्रता की कहानी सुनाता है, बल्कि यह हमें एक समृद्ध, समरस, और समाजवादी भारत की दिशा में मार्गदर्शन भी करता है। इस दौरान उन्होंने सभी कलाकार छात्र- छात्राओं व अध्यापकों के उच्चकोटि के कला की भूरि-भूरि प्रशंसा की। कार्यक्रम में अंत की ओर विद्यालय की उपप्रधानाचार्या डॉ0 कामेश मित्तल ने धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया। अन्त में मिष्ठान वितरण कर कार्यक्रम का समापन किया गया। इस दौरान राज कुमार त्यागी, भरत लाल शाह, रामेश्वर शाह, मनमोहन सिंह, एसव केव नैय्यर, प्रबंध समिति के सदस्यगण, अभिभावक गण व विद्यालय परिवार मौजूद रहा।

# होली चाइल्ड स्कूल में 77वें गणतंत्र दिवस पर बिखरे देशभक्ति के रंग








रूद्रपुर । होली चाइल्ड स्कूल के प्रांगण में 77वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास और देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं शहर के जाने-माने उद्योगपति व समाजसेवी योगराज बत्रा ने ध्वजारोहण कर किया। इसके पश्चात उपस्थित जनसमूह ने सामूहिक रूप से राष्ट्रगान कर तिरंगे को सलामी दी।राष्ट्रीय गान के उपरांत विद्यालय के विद्यार्थियों ने एक से बढ़कर एक मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति से ओत-प्रोत गायन, नृत्य और नाटकों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन कर उपस्थित लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस दौरान शिक्षकों ने भी काव्य पाठ और भावपूर्ण गीतों की प्रस्तुति देकर कार्यक्रम में उत्साह भरा। समारोह को संबोधित करते हुए विद्यालय के वाइस चेयरमैन विकास बत्रा और प्रधानाचार्य एम. दुबे ने विद्यार्थियों को गणतंत्र के महत्व के बारे में बताया और उन्हें जीवन में अनुशासन व राष्ट्र सेवा के लिए प्रेरित किया।उत्सव के समापन पर सभी को मिठाई वितरित की गई। इस अवसर पर संस्था के सरपरस्त योगराज बत्रा, चेयरमैन रोहिताश बत्रा, वाइस चेयरमैन विकास बत्रा, एमडी पूजा बत्रा, विनय बत्रा, प्रधानाचार्य मिंटू दूबे, उप- प्रधानाचार्य (एडमिन) प्रदीप कुमार जोशी, उप-प्रधानाचार्या (अकादमिक) मंजू अधिकारी सहित समस्त शिक्षकों ने एक-दूसरे को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

# उत्तरांचल दर्पण
## सम्पादकीय
सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## भारत और यूरोपीय संघ

बदलते दौर में भू-राजनीतिक उथल-पुथल के बीच भारत अपनी आर्थिक और रणनीतिक साझेदारी बढ़ाने के लिए विभिन्न देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौते करने की राह पर आगे बढ़ रहा है। इसी क्रम में अब भारत और यूरोपीय संघ के बीच ऐतिहासिक समझौता होने वाला है, जिसकी घोषणा द्विपक्षीय शिखर सम्मेलन में किए जाने की संभावना है। इसके तहत रक्षा क्षेत्र, समुद्री सुरक्षा एवं आतंक के खिलाफ साझा मोर्चेबंदी, भारतीय और यूरोपीय नागरिकों की आसान आवाजाही तथा वस्त्र उद्योग एवं प्रौद्योगिकी जैसे महत्त्वपूर्ण क्षेत्रों में सहयोग के नए द्वार खुलेंगे। यह समझौता इसलिए भी अहम होगा, क्योंकि माना जा रहा है कि इससे अमेरिका की शुल्क नीति के प्रभाव से निपटने के लिए भारत और यूरोपीय देशों के बीच साझा एवं व्यापक दृष्टिकोण विकसित होगा। अनुमान है कि इस समझौते से दो अरब लोगों का एक ऐसा बाजार बनेगा, जो वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद का लगभग एक चौथाई हिस्सा होगा। इससे न केवल भारत के निर्यात को गति मिलेगी, बल्कि यहां के पेशेवरों के लिए यूरोपीय देशों में रोजगार पाने का रास्ता भी सुगम हो जाएगा।इसमें दोराय नहीं कि अमेरिका की ओर से भारत पर पचास फीसद शुल्क लगाए जाने के बाद देश का निर्यात कारोबार प्रभावित हुआ है।नतीजतन, भारत अपने उत्पादों के लिए दुनिया के विभिन्न देशों में वैकल्पिक बाजार तलाशने के हर संभव प्रयास में जुटा है। हाल ही में भारत ने न्यूजीलैंड के साथ मुक्त व्यापार एवं व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते को अंतिम रूप दिया है। इससे पहले ब्रिटेन और ओमान के साथ व्यापार समझौते किए गए थे। यूरोपीय संघ के साथ भारत ने मुक्त व्यापार समझौते के लिए बातचीत पहली बार वर्ष 2007 में शुरू की थी, लेकिन कुछ मसलों पर आपसी सहमति न बनने के कारण वर्ष 2013 में बातचीत स्थगित कर दी गई थी।जून, 2022 में वार्ता को फिर से आगे बढ़ाया गया, जो निर्णायक रही। गौरतलब है कि भारत और यूरोपीय संघ वर्ष 2004 से रणनीतिक साझेदार रहे हैं। प्रस्तावित सुरक्षा एवं रक्षा साझेदारी दोनों पक्षों के बीच सहयोग को और गहरा करने में सहायक होगी। इससे रक्षा क्षेत्र में आपसी तालमेल बढ़ेगा और भारतीय कंपनियों के लिए यूरोपीय संघ के 'सेफ' (सिक्योरिटी एक्शन फार यूरोप) कार्यक्रम में भागीदारी के रास्ते खुलेंगे। विभिन्न क्षेत्रों में व्यापक समझौते से देश के वस्त्र निर्यात को भी प्रोत्साहन मिलने की उम्मीद है। यूरोपीय संघ दुनिया का सबसे बड़ा परिधान बाजार है। वर्तमान में भारत इस क्षेत्र में 4.5 अरब डालर से अधिक मूल्य के परिधानों का निर्यात करता है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में यूरोपीय संघ के साथ भारत का कुल वस्तु व्यापार लगभग 136 अरब अमेरिकी डालर का था, जिसमें निर्यात की हिस्सेदारी करीब 76 अरब अमेरिकी डालर थी। अब बहु-प्रतीक्षित मुक्त व्यापार समझौते पर मुहर लगने से निश्चित रूप से द्विपक्षीय व्यापार को एक नई दिशा मिलेगी और भारत के निर्यात कारोबार पर अमेरिकी शुल्क के प्रभाव को कम करने में भी काफी मदद मिलेगी।

# चंदोला होम्योपैथिक कॉलेज में धूमधाम से मना गणतंत्र दिवस

रुद्रपुर। आजादी के अमृत काल के गौरवशाली पड़ाव पर प्रतिष्ठित चन्दोला होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल तथा वसुंधरा नर्सिंग एवं पैरामेडिकल कॉलेज में 77वां गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। समारोह का भव्य शुभारंभ संस्थान के मार्गदर्शक एवं प्रबंध निदेशक डॉ. केसी चंदोला के कर-कमलों द्वारा ध्वजारोहण से हुआ। जैसे ही मुख्य अतिथि ने डोरी खींचकर तिरंगे को उन्मुक्त आकाश में लहराया, समूचा परिसर भारत माता की जय और वंदे मातरम के गगनभेदी उद्घोष से गुंजायमान हो उठा। इसके पश्चात सामूहिक राष्ट्रगान ने वातावरण में एक अद्भुत ऊर्जा का संचार किया।डॉ. केसी चंदोला ने अपने संबोधन में इतिहास, वर्तमान और भविष्य के कर्तव्यों को जोड़ते हुए कहा आज जब हम आजाद हवा में सांस ले रहे हैं, तो हमें उन गुमनाम नायकों को नहीं भूलना चाहिए जिन्होंने अपनी जवानी देश की वेदी पर कुर्बान कर दी। स्वतंत्रता केवल एक राजनीतिक उपलब्धि नहीं है, बल्कि यह एक सतत जिम्मेदारी है। विशेषकर चिकित्सा शिक्षा प्राप्त कर रहे युवाओं के लिए, राष्ट्र सेवा का अर्थ है- बीमार और लाचार चेहरों पर मुस्कान लाना। हमारे संस्थान का उद्देश्य केवल डिग्री धारक तैयार करना नहीं, बल्कि ऐसे संवेदनशील चिकित्सक बनाना है जो अपनी जड़ों से जुड़े हों और जिनके हृदय में राष्ट्र प्रथम का भाव हो। यदि हमारा युवा स्वस्थ और संकल्पित है, तो भारत को पुन: विश्व गुरु बनने से कोई शक्ति नहीं रोक सकती।ध्वजारोहण के उपरांत विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से लघु भारत की झलक पेश की। देशभक्ति गीतों पर आधारित सामूहिक नृत्य और स्वाधीनता संग्राम के दृश्यों को दर्शाती लघु नाटिकाओं ने उपस्थित जनसमूह को भाव-विभोर कर दिया। इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अजय विश्वकर्मा, प्रबंधक सागर तिवारी, डॉ. टीएस द्विवेदी, डॉ. जे घोष, डॉ. एचएस चौहान, डॉ. निरंजन यादव, डॉ. आशीष पंत, डॉ. नवीन, डॉ. देवेन्द्र कुमार, डॉ. आलिया, डॉ. रश्मि नेगी, डॉ. नीरजा, डॉ. सीमा, डॉ. ललित सनवाल, डॉ. नरेन्द्र कुमार और डॉ. राजीव कुमार, मीडिया प्रभारी विशाल मेहरा सहित समस्त स्टाफ ने अपनी सक्रिय सहभागिता दर्ज कराई। कार्यक्रम के अंत में मिष्ठान वितरण किया गया।





# सूरजमल कॉलेज प्रबंधन के खिलाफ फूटा गुस्सा ,जड़ा ताला

किच्छा (उद संवाददाता)। सूरजमल मेडिकल कॉलेज ऑफ आयुर्वेद एंड हॉस्पिटल में इंडियन नर्सिंग काउंसिल (आईएनसी) के अप्रूवल के बिना प्रवेश दिए जाने के मामले ने तूल पकड़ लिया है। शनिवार को डिग्री की मान्यता को लेकर आशंकित छात्र-छात्राओं ने सूरजमल यूनिवर्सिटी के मुख्य द्वार पर जोरदार प्रदर्शन किया और कॉलेज प्रबंधन के विरुद्ध जमकर नारेबाजी करते हुए धरने पर बैठ गए। छात्रों के उग्र प्रदर्शन के कारण यूनिवर्सिटी परिसर में आवाजाही पूरी तरह ठप हो गई, जिसकी सूचना मिलते ही भारी पुलिस बल मौके पर पहुंच गया।नर्सिंग के सातवें सेमेस्टर में पढ़ रहे छात्र लक्की प्रकाश और अन्य प्रदर्शनकारियों ने बताया कि साढ़े तीन वर्ष पूर्व जब उनके पहले बैच ने प्रवेश लिया था, तब कॉलेज प्रशासन ने आश्वासन दिया था कि पाठ्यक्रम पूरा होने से पहले आईएनसी से अप्रूवल प्राप्त कर लिया जाएगा। अब चार वर्षीय पाठ्यक्रम का साढ़े तीन साल का समय बीत चुका है, लेकिन कॉलेज अब तक मान्यता लेने में विफल रहा है। छात्रों का कहना है कि आईएनसी की मान्यता के बिना उनकी डिग्री का कोई कानूनी महत्व नहीं रह जाएगा और वे भविष्य में किसी भी सरकारी नौकरी के लिए आवेदन करने के योग्य नहीं रहेंगे।हंगामे के दौरान छात्रों ने आरोप लगाया कि कॉलेज प्रबंधन उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रहा है। कई बार वार्ता करने के बावजूद उन्हें केवल कोरे आश्वासन ही मिल रहे हैं, जबकि उनका कीमती समय बर्बाद हो रहा है। उधर, कॉलेज के एसके शर्मा ने बताया कि इस गंभीर विषय पर मैनेजमेंट के साथ उच्च स्तरीय वार्ता की जा रही है, जिसके बाद ही स्थिति स्पष्ट हो पाएगी। समाचार लिखे जाने तक छात्रों और प्रबंध मंडल के बीच तनातनी बनी हुई थी और वार्ता का दौर जारी था।प्रदर्शन करने वाले छात्रों में मुख्य रूप से विशाल, नईम, रजत, काजल रौतेला, लकी, सचिन, दीपक, कवीन्द्र, जीशान, सबा, नेहा, विमला, श्वेता, शीतल, प्रेम, रत्नेश और प्रकाश सहित दर्जनों छात्र-छात्राएं शामिल रहे। छात्रों ने चेतावनी दी है कि जब तक मान्यता को लेकर ठोस समाधान नहीं निकलता, उनका आंदोलन जारी रहेगा।





# ससुरालियों पर केस दर्ज

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। ट्रांजिट कैंप थाना क्षेत्र में विवाहिता द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या करने के मामले में न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने पति, सास और जेठ के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। मृतका की मां ने आरोप लगाया कि ससुरालियों के मानसिक उत्पीड़न और चरित्र पर लांछन लगाने से क्षुब्ध होकर उनकी पुत्री ने खौफनाक कदम उठाया था। मूल रूप से पश्चिम बंगाल के जनपद नदिया और हाल निवासी जनपद रोड शिव गार्डन कॉलोनी, ट्रांजिट कैंप निवासी दिपाली दास पत्नी सुनील दास ने न्यायालय में दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि उनकी पुत्री सुचित्रा दास का विवाह वर्ष 2022 में अभिजीत भद्र निवासी ग्राम सेंट्रल पल्ली, नदिया (पश्चिम बंगाल) के साथ प्रेम विवाह हुआ था। विवाह के कुछ समय बाद अभिजीत अपनी पत्नी सुचित्रा को सिडकुल की एक कंपनी में काम दिलाने के बहाने रुद्रपुर ले आया और यहां जनपद रोड शिव गार्डन कॉलोनी में किराए पर रहने लगे। आरोप है कि अभिजीत अक्सर पश्चिम बंगाल अपने घर आता-जाता रहता था। जब सुचित्रा अपने पति को पास बुलाती थी, तो उसका जेठ विश्वजीत भद्र और सास शिप्रा भद्र उसके साथ फोन पर गाली-गलौज करते थे और उसे मानसिक व शारीरिक रूप से प्रताड़ित करते थे। सास और जेठ अक्सर अभिजीत को सुचित्रा के खिलाफ भड़काते थे और उसके चरित्र पर गंभीर लांछन लगाकर उसे छोड़ देने का दबाव बनाते थे। इसी मानसिक प्रताड़ना से आहत होकर सुचित्रा दास ने 8 नवंबर 2025 की रात अपने किराए के कमरे में फांसी लगाकर जान दे दी। मृतका की मां दिपाली दास का कहना है कि उन्होंने घटना के संबंध में 13 नवंबर को थाना ट्रांजिट कैंप और 17 नवंबर को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को लिखित शिकायत दी थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। अंतत: उन्होंने न्यायालय की शरण ली। अब प्रथम अपर सिविल जज/अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के आदेश पर पुलिस ने आरोपी पति अभिजीत भद्र, जेठ विश्वजीत भद्र और सास शिप्रा भद्र के खिलाफ बीएनएसएस की सुसंगत धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# भूतबंगला में पांच लोगों के खिलाफ बिजली चोरी का मुकदमा दर्ज

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। विद्युत वितरण खंड की टीम ने पुलिस और विजिलेंस इकाई के साथ मिलकर भूतबंगला क्षेत्र में बिजली चोरी के खिलाफ बड़ा अभियान चलाया। छापेमारी के दौरान टीम ने पांच अलग-अलग परिसरों में सीधे एलटी लाइन से तार डालकर की जा रही बिजली चोरी पकड़ी है। विभाग की ओर से सभी आरोपियों के खिलाफ विद्युत अधिनियम की धारा 135 के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।विद्युत वितरण उपखंड अधिकारी अन्नू अरोरा के नेतृत्व में सहायक अभियंता (सतर्कता) पुनीत कुमार, अवर अभियंता उमेश सिंह राणा और लाइन कर्मी संजय राजपूत की टीम ने भूतबंगला क्षेत्र में आकस्मिक चेकिंग की। चेकिंग के दौरान पाया गया कि कई घरों में बिना मीटर या मीटर बाईपास कर सीधे केबल के माध्यम से बिजली चोरी की जा रही थी। टीम ने मौके पर ही लाइन कटवाकर चोरी में प्रयुक्त किए जा रहे अवैध केबल जब्त कर लिए और उन्हें सील कर दिया।पुलिस को दी गई तहरीर के अनुसार, बिजली चोरी करते हुए पकड़े गए अभियुक्तों में रामप्रकाश पुत्र करन (0.141 किलोवाट), दानिश हुसैन पुत्र शाहिद हुसैन (0.907 किलोवाट), जाहिद खान पुत्र मो. अली (0.515 किलोवाट), अफसर पुत्र चन्दा जुगल (0.622 किलोवाट) और इब्राहिम पुत्र कासिम अली (0.550 किलोवाट) शामिल हैं। विभाग ने बताया कि इन सभी के यहाँ से क्रमश: 10 मीटर, 9 मीटर, 12 मीटर, 11 मीटर और 14 मीटर अवैध केबल बरामद की गई है।उपखंड अधिकारी अन्नू अरोरा ने बताया कि बरामद केबल को नमूना मुहर के साथ 33 केवी उपसंस्थान में जमा कराया गया है। विद्युत विभाग की इस सख्त कार्रवाई से क्षेत्र के बिजली चोरों में हड़कंप मचा हुआ है। पुलिस ने विभाग की तहरीर पर सभी नामजद आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर आगे की वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है। विभाग का कहना है कि बिजली चोरी रोकने के लिए इस प्रकार के अभियान भविष्य में भी निरंतर जारी रहेंगे।

# गणतंत्र दिवस पर नारी शक्ति और राष्ट्र निर्माण का संकल्प लिया

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। क्षेत्र के प्रतिष्ठित संस्थान सिक्स सिग्मा इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस में 77वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ध्वजारोहण और राष्ट्रगान के साथ हुआ। इसके पश्चात संस्थान की निदेशिका डॉ. सीमा अरोरा, प्रधानाचार्य ललित सिंह बिष्ट, उप-प्रधानाचार्य मुकेश कुमार, डॉ. प्रकाश पंत, विवेक त्रिवेदी, ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट हेड रजत धवन, सीएओ अनुभव बाठला और प्रमोशन हेड शिवम शर्मा ने मां सरस्वती की वंदना कर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरुआत की।समारोह में छात्र-छात्राओं ने एक से बढ़कर एक देशभक्ति पूर्ण प्रस्तुतियां दीं। बी.बी.ए. की छात्रा मीनाक्षी ने भारतीय संविधान के लागू होने के ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डाला। बी.एस.सी. प्रथम वर्ष के छात्रों ने 'ऑपरेशन सिंदूर' एक्ट के माध्यम से दर्शकों को भावुक कर दिया, जबकि जी.एन.एम. के छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति गीतों पर रंगारंग कार्यक्रम पेश किए। नर्सिंग के छात्रों द्वारा प्रस्तुत रानी लक्ष्मीबाई एक्ट और बी.बी.ए. छात्रों के पहाड़ी देशभक्ति कार्यक्रम ने खूब वाहवाही बटोरी। संस्थान की निदेशिका डॉ. सीमा अरोरा ने संबोधित करते हुए कहा कि अधिकारों के साथ कर्तव्यों का पालन भी अनिवार्य है। उन्होंने संविधान के सम्मान और देश की एकता बनाए रखने पर जोर दिया।इस अवसर पर सनातन के संस्थाध्यक्ष ने कहा कि विकसित भारत का सपना तभी साकार होगा जब देश की मातृशक्ति शिक्षित और आत्मनिर्भर होगी। उन्होंने नारी शक्ति को राष्ट्र की आधारशिला बताया। फार्मेसी प्रधानाचार्य डॉ. प्रकाश पंत ने संविधान द्वारा प्रदत्त न्याय और समानता के अधिकारों पर चर्चा की, वहीं नर्सिंग प्रधानाचार्य विवेक त्रिवेदी ने सामाजिक कुरीतियों की रोकथाम और कानून के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। संस्थान के चेयरमैन राजेश डावर, को-प्रबंधक प्रीत ग्रोवर, प्रबंध निदेशक शिव अरोरा, वंश डावर और शौर्य अरोरा ने सभी को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं प्रेषित कीं।




# गणतंत्र दिवस पर रक्तदान शिविर आयोजित

किच्छा (उद संवाददाता)। वरिष्ठ भाजपा नेता संजीव कुमार सिंह ने 77वें गणतंत्र दिवस के गौरवमयी अवसर पर आदित्य चौक स्थित अपने कार्यालय पर भव्य ध्वजारोहण किया। इस राष्ट्रीय उत्सव को सेवा कार्यों से जोड़ते हुए भाजपा नेता के कार्यालय पर धरा सेवा फाउण्डेशन द्वारा रुद्रपुर चैरिटेबल ब्लड बैंक के सानिध्य में एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में क्षेत्र के युवाओं और समाजसेवियों ने अत्यंत उत्साह के साथ प्रतिभाग करते हुए रक्तदान किया। शिविर के दौरान लगभग 40 यूनिट रक्त संग्रह का लक्ष्य निर्धारित किया गया, जिसे जरूरतमंद मरीजों की सहायता हेतु उपयोग में लाया जाएगा। इस अवसर पर संजीव कुमार सिंह ने रक्तदान को एक महत्वपूर्ण सामाजिक जिम्मेदारी करार दिया और सभी स्वस्थ नागरिकों से नियमित रूप से रक्तदान करने की भावपूर्ण अपील की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के कुशल नेतृत्व में आज भारत विकास, सुशासन और आत्मनिर्भरता की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। 'विकसित भारत' का संकल्प हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। हमारा संविधान एक ऐसा पावन दस्तावेज है जिसने हर नागरिक को बराबरी का दर्जा दिया है और गणतंत्र दिवस हमें हमारे अधिकारों के साथ कर्तव्यों का भी बोध कराता है। यह दिन लोकतंत्र और स्वतंत्रता सेनानियों के अमर बलिदानों को याद करने का अवसर है। समारोह और शिविर के दौरान भाजयुमो जिला महामंत्री विशाल चौहान, डॉ. राहुल गंगवार, ब्रह्मानंद पुरोहित, धनंजय सिंह, राजकुमार, नवीन सिंह और अमित कुमार सहित दर्जनों गणमान्य व्यक्ति एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# नैनीताल जिले में हर्षोल्लास पूर्वक मनाया 77 वां गणतंत्र दिवस

## संवेदनशीलता, पारदर्शिता और जवाबदेही व बेहतर आचरण के साथ कार्य करें अधिकारी व कर्मचारी : दीपक

नैनीताल। 77 वां गणतंत्र दिवस जिले में धूमधाम एवं हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने के साथ ही अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गए। प्रातः जिले के विभिन्न स्थानों में प्रभात फेरी निकाली गई व देशभक्ति नारे लगाने के साथ ही गीत गाए गए। इस अवसर पर देश के वीर बलिदानियों को याद करते हुए उन्हें श्रद्धाजलि अर्पित की गई। सभी सरकारी, गैर सरकारी कार्यालयों, संस्थानों आदि में प्रातः 9:30 पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया, साथ ही संविधान के प्रति निष्ठा, एकता और अखंडता बनाए रखने की सपथ ली गई। नैनीताल जिला मुख्यालय में कुमाऊँ कमिश्नरी में आयुक्त कुमाऊँ व सचिव मुख्यमंत्री दीपक रावत ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया तथा सभी को गणतंत्र दिवस की बधाई दी। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि देश के संविधान ने हमें अधिकारों के साथ-साथ अपने कर्तव्यों का बोध कराया है। अनुशासन, समयबद्धता, नागरिकों के प्रति सम्मान और नैतिक आचरण हमारी पहचान बने इस हेतु प्रत्येक अधिकारी व कर्मचारी संवेदनशीलता, पारदर्शिता और जवाबदेही व बेहतर आचरण के साथ कार्य करें। गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने नैनीताल कलक्ट्रेट परिसर में राष्ट्रीय ध्वज फहराया। साथ ही सभी को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संविधान के प्रति निष्ठा, एकता और अखंडता बनाए रखने की शपथ भी दिलाई।अपने संबोधन में जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने कहा कि गणतंत्र दिवस केवल एक पर्व नहीं, बल्कि भारतीय लोकतंत्र, संविधानिक मूल्यों और नागरिक कर्तव्यों के प्रति हमारी सामूहिक प्रतिबद्धता का प्रतीक है। हमें अपने कर्तव्यों का सही निर्वहन कर प्रत्येक व्यक्ति के साथ समान व्यवहार करते हुए कार्यों का संपादन करें। उन्होंने कहा कि संविधान ने हमें अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों का भी बोध कराया है, जिनका ईमानदारी से पालन करना प्रत्येक नागरिक और विशेष रूप से लोक सेवकों की जिम्मेदारी है।जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों से आह्वान किया कि वे अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा, ईमानदारी और संवेदनशीलता के साथ करें तथा संविधान की भावना के अनुरूप नैनीताल जिले की प्रगति में अपना सक्रिय योगदान दें। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी विवेक राय, शैलेन्द्र सिंह नेगी, उपजिलाधिकारी नवाजिश खालिक सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे। नैनीताल पुलिस लाईन में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ मंजू नाथ टी सी द्वारा विकास भवन भीमताल में मुख्य विकास अधिकारी अरविंद कुमार पाण्डे सहित विभिन्न शासकीय कार्यालयों में कार्यालयाध्यक्ष द्वारा व तहसील स्तर पर उपजिलाधिकारियों द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया तथा मिष्ठान्न वितरित किया गया। गणतंत्र दिवस के अवसर पर नैनीताल के मल्लीताल स्थित फ्लैट में एक भव्य पुलिस परेड एवं झांकी के साथ ही रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन कराया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि कुमाऊं आयुक्त व सचिव मुख्यमंत्री दीपक रावत द्वारा ध्वजारोहण किया गया तथा पुलिस परेड की सलामी ली व उसका निरीक्षण किया।कुमाऊं आयुक्त ने उपस्थित जन समुदाय को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए अपने संबोधन में कहा कि हमें जिम्मेदार अभिभावक बनना चाहिए और गणतंत्र दिवस जैसे अवसरों पर अपने बच्चों को संविधान, उसके मूल्यों और अधिकारों के बारे में जानकारी देनी चाहिए।उन्होंने यह भी कहा कि बच्चों को खेलों के प्रति जागरूक और प्रोत्साहित करना बहुत जरूरी है, क्योंकि स्वस्थ और फिट रहने का इससे बेहतर कोई मंत्र नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि कुमाऊँ में सरकारी विभागों द्वारा किए जा रहे अच्छे कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें बधाई दी।साथ ही उन्होंने कहा कि भारत सरकार और राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही सभी जनकल्याणकारी योजनाएँ आम जनता तक प्रभावी रूप से पहुँचाई जानी चाहिए, ताकि उनका सही लाभ लोगों को मिल सके। इस अवसर पर गणतंत्र दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने कहा कि जनपद नैनीताल की सांस्कृतिक विरासत समृद्ध रही है प्राकृतिक धरोहर और जागरूक नागरिकों की सहभागिता जनपद की सबसे बड़ी शक्ति है इस पावन अवसर पर लोकतांत्रिक मूल्यों राष्ट्रीय एकता, अखंडता और पर्यावरण के संरक्षण के प्रति हम संकल्प लें और अपने कर्तव्यों का पूर्ण निष्ठा एवं ईमानदारी से निर्वहन करते हुए राष्ट्र की सेवा करें। उन्होंने पुलिस बल, सशस्त्र बलों को नागरिक अधिकारों की रक्षा के लिए जिस समर्पण भाव से कार्य किया जा रहा है उसके लिए उन्हें शुभकामनाएं दी।इस अवसर पर एसएससी डॉ मंजूनाथ टीसी द्वारा सभी आगन्तुकों का स्वागत करते हुए गणतंत्र दिवस की बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह दिन उन अमर शहीदों और वीर बलिदानियों को याद करने तथा श्रद्धांजलि देने का दिन है। इस अवसर पर एसएसपी ने पुलिस विभाग द्वारा जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखे जाने हेतु किए जा रहे उल्लेखनीय कार्यों से अवगत कराया।इस अवसर पर जिले में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस कार्मिकों को सम्मानित किया गया।इस अवसर पर विभिन्न विभागों की ओर से विकास झांकी भी निकाली गई। कार्यक्रम में विधायक नैनीताल सरिता आर्या,मुख्य विकास अधिकारी अरविंद पाण्डे, अपर जिलाधिकारी विवेक राय, शैलेंद्र सिंह नेगी, पुलिस अधीक्षक जगदीश चंद्र, मनोज कत्याल, रेवाधर मठपाल सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि ,गणमान्य नागरिक सहित अन्य उपस्थित रहे। पुलिस परेड का नेतृत्व पुलिस क्षेत्राधिकारी रविकांत सेमवाल द्वारा किया गया। गणतंत्र दिवस के अवसर पर जनपद में विभिन्न विभागों के द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत विशेष सफाई अभियान चलाया गया।







# सरस्वती शिशु मंदिर इंटर कालेज में गणतंत्र दिवस पर निकाली प्रभात फेरी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सरस्वती शिशु मंदिर इंटर कालेज में 77वें गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में प्रभात फेरी निकाली गई, जिसमें छात्र-छात्राओं ने पूरे उत्साह के साथ देशभक्ति के नारे लगाकर वातावरण को राष्ट्रप्रेम के रंग में सराबोर कर दिया। इसके पश्चात विद्यालय समिति के प्रबंधक अनिल गुप्ता, उप-प्रबंधक मनीष अग्रवाल, प्रधानाचार्य कैलाश चन्द्र त्रिपाठी और विशिष्ट सदस्यों नरेन्द्र अरोरा, पार्षद विष्णु, शिव शंकर गुप्ता, राहुल तिवारी, शशांक गुप्ता व रमेश जोशी द्वारा घोष दल की धुन के साथ भव्य ध्वजारोहण किया गया।समारोह के अगले चरण में उपस्थित अतिथियों और प्रधानाचार्य द्वारा दीप प्रज्वलित कर मां शारदा की वंदना की गई। कार्यक्रम का संचालन रमाकान्त शर्मा एवं शिखा द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में विद्यार्थियों ने कुमाऊँनी नृत्य, देशभक्ति गीत और योगा नृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। विशेष रूप से 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' और 'ऑपरेशन सिंदूर' पर आधारित लघु नाटकों ने दर्शकों को गहरे संदेश के साथ भावुक कर दिया। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक, कर्मचारी और बड़ी संख्या में अभिभावक उपस्थित रहे, जिन्होंने बच्चों के कौशल की सराहना की।



## पेज एक का शेष...

**आधी आबादी का पूरा ...**की दिशा में तेजी से काम चल रहा है। समानता, न्याय और पारदर्शिता की दिशा में यह कदम उत्तराखंड की नई पहचान बन रहा है। संबोधन के दौरान मुख्यमंत्री ने अपनी सनातन संस्कृति का हवाला देते हुए कहा कि भगवान कृष्ण ने समानता का संदेश देते हुए कहा है कि मैं न किसी का शत्रु हूँ और न ही किसी का प्रिय, मैं सभी को समान दृष्टि से देखता हूँ। मुख्यमंत्री ने कहा कि यही भावना हमारे संविधान की भी रही है। संविधान निर्माताओं ने अनुच्छेद 44 में समान नागरिक संहिता की व्यवस्था की थी ताकि देश के सभी नागरिकों के लिए एक समान कानून हो, लेकिन दशकों तक तुष्टीकरण का चश्मा पहनकर शासन करने वालों ने कभी इस दिशा में कदम नहीं बढ़ाए। विपक्ष पर कड़ा प्रहार करते हुए पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि जब हमने यूसीसी लागू करने का संकल्प लिया था, तब प्रतिपक्ष के लोगों ने इसका जमकर मजाक उड़ाया था। उन्होंने कहा कि विपक्ष के लोग कहते थे कि यहां ऐसी कोई परिपाटी नहीं है और मेरी सरकार की स्थिरता पर भी सवाल उठाते थे, लेकिन मेरे मन में अटूट विश्वास था कि यह कार्य प्रदेश और देश के हित में है। आज यूसीसी लागू होने का एक वर्ष सफलतपूर्वक पूर्ण हो चुका है, जो उन सभी आलोचकों के लिए करारा जवाब है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के सभी जनपदों, शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में आज जागरूकता कार्यक्रमों के जरिए जनता को इस कानून के लाभ बताए जा रहे हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि यूसीसी महिला सशक्तिकरण और सामाजिक समानता की दृष्टि से एक दूरगामी प्रभाव वाला कदम साबित होगा। समारोह में भारी संख्या में मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने दोहराया कि उत्तराखंड की यह ऐतिहासिक पहल देश के अन्य राज्यों के लिए एक मार्गदर्शक का कार्य करेगी।

**जल्द होगी ठुकराल की ..**बेमानी साबित हुईं। ठुकराल के कांग्रेस में जाने का रास्ता भी कई कांग्रेसियों ने पिछले लम्बे समय से रोक रखा है। कुछ समय पहले जब कांग्रेस में शामिल होने का उनका रास्ता लगभग साफ हो चुका था तब उनकी आडियो क्लीपिंग ने मुश्किलें खड़ी कर दी और ठुकराल की कांग्रेस में एंट्री रूक गयी। अब मौजूदा समय में आगामी विधाानसभा चुनाव की शुरू हो रही सरगर्मियों के बीच एक बार फिर ठुकराल की कांग्रेस में ज्वाइनिंग को लेकर चर्चाएं तेज हो चुकी हैं। आगामी विधानसभा चुनाव की आहट के बीच कांग्रेस को रुद्रपुर सीट पर एक ऐसे दमदार चेहरे की तलाश है जो भाजपा को कड़ी टक्कर दे सके। वर्तमान में कांग्रेस के पास फिलहाल इस क्षेत्र में कोई ऐसा बड़ा नाम नहीं दिख रहा जो सीधे तौर पर भाजपा के दुर्ग को चुनौती दे पाए। राजकुमार ठुकराल की ताकत यह है कि वह सत्ता से बाहर और बिना किसी पद के रहने के बावजूद धरातल पर लगातार सक्रिय हैं। जनहित के मुद्दों पर उनकी आक्रामक शैली और बेबाक अंदाज आज भी बरकरार है, जो कांग्रेस के दिग्गजों को एक उम्मीद दे रहा है। अगर ठुकराल कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ते हैं, तो रुद्रपुर में पार्टी के लिए किसी चमत्कार से कम नहीं होगा और यह भाजपा के लिए बड़ी मुश्किल खड़ी कर सकता है। दूसरी ओर, ठुकराल की राह में रोड़े अटकाने वालों की भी कमी नहीं है। कांग्रेस का एक धड़ा उनके आगमन से अपने वर्चस्व को खतरे में देख रहा है। यही कारण है कि उनकी पुरानी ऑडियो क्लिपिंग को एक बार फिर हथियार बनाकर उनके खिलाफ माहौल बनाया जा रहा है। विपक्षी और विरोधी खेमा किसी भी सूरत में ठुकराल की एंट्री को रोकने के लिए एड़ी-चोटी का जोर लगा रहा है। ठुकराल के आने से जहां भाजपा को एक मजबूत विपक्ष का डर सता रहा है, वहीं कांग्रेस के कुछ स्थानीय नेता अपनी राजनीतिक जमीन खिसकते देख असहज महसूस कर रहे हैं। ठुकराल के खिलाफ दर्ज हुआ मुकदमे को आज इसी की परिणति माना जा रहा है, फिलहाल, गेंद दिल्ली दरबार के पाले में है और आने वाले कुछ दिन रुद्रपुर की राजनीति की नई दिशा तय करेंगे।

**बैंकिंग सेवाए पूरी तरह ..**व्यापक असर देखा गया। यहां सभी सरकारी बैंक पूरी तरह बंद रहे। इतना ही नहीं, हड़ताल पर गए कर्मचारियों ने शहर में संचालित कुछ निजी बैंकों की शाखाओं पर पहुंचकर प्रदर्शन किया और वहां भी कामकाज प्रभावित कराते हुए बैंक बंद करा दिए। इसके चलते पूरे शहर में बैंकिंग गतिविधियां पूरी तरह ठप हो गईं। हड़ताल के कारण नकद जमा व निकासी, चेक क्लियरेंस, ड्राफ्ट, पासबुक अपडेट और अन्य रोजमर्रा के बैंकिंग कार्य बाधित रहे। बैंक शाखाओं के बाहर ग्राहकों की भीड़ दिखाई दी, जहां लोग निराश होकर लौटते नजर आए। कई व्यापारियों ने बताया कि भुगतान अटकने से कारोबार पर प्रतिकूल असर पड़ा है, वहीं बुजुर्ग और पेंशनधारक सबसे अधिक परेशान दिखे। हालांकि एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक और एक्सिस बैंक जैसे निजी बैंक सामान्य रूप से काम कर रहे थे, लेकिन कुछ स्थानों पर सरकारी बैंक कर्मियों के प्रदर्शन के चलते वहां भी कामकाज बंद करा दिया। बैंक यूनियनों की मुख्य मांग है कि सप्ताह में पांच कार्यदिवस लागू किए जाएं, यानी सोमवार से शुक्रवार तक बैंक खुले रहें और शनिवार व रविवार को अवकाश घोषित किया जाए। यह प्रस्ताव मार्च 2024 में हुए 12वें द्विपक्षीय समझौते में शामिल किया गया था, लेकिन अब तक केंद्र सरकार की ओर से इसकी आधिकारिक अधिसूचना जारी नहीं की गई है। इसी मांग को लेकर कर्मचारियों ने आज बैंकों को बंद रखा। रुद्रपुर में प्रदर्शन और बैंक बंद कराने में मुख्य रूप से ज्ञान चंद, बंटी राजौरिया, कौशल कुमार,अजीत कुमार, आरके छाबड़ा, गिरीश जोशी,सुरेश शर्मा, स्वरूप कुमार, समीर कुमार राय, शंकर चक्रवर्ती,हिमांशु जोशी आदि बैंक कर्मचारी शामिल थे।

**मीना शर्मा बोली....** वह केवल उनका व्यक्तिगत अपमान नहीं बल्कि समस्त नारी शक्ति का अपमान है। उन्होंने यह भी कहा कि यदि राजकुमार ठुकराल अपनी गलती स्वीकार कर लेते, तो वह उन्हें माफ कर देतीं, लेकिन उनके अड़ियल रवैये के कारण अब वह कानूनी लड़ाई लड़ने को मजबूर हैं। धरना स्थल पर मीना शर्मा ने कहा इस मामले में अगर निष्पक्ष जांच और कार्रवाई नहीं हुई तो वह कोतवाली में ही आत्मदाह कर लेंगी। वहीं धरना स्थल पर कांग्रेस नेता अनिल शर्मा ने ठुकराल पर गौ हत्या का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि चुनाव से पहले माहौल खराब करने के लिए ठुकराल के इशारे पर ही इस तरह के मामले अंजाम दिये जाते हैं। दोपहर बाद एसडीएम मनीष बिष्ट ने धरना स्थल पर पहुंचकर मीना शर्मा से बात की और उन्हें निष्पक्ष कार्रवाई का आश्वसन देकर धरना समाप्त करवाया। धरने में अनिल शर्मा, ममता रानी, सुमित राय, संतोष चौहान, सुबौध कुमार, रमेश कुमार, रामभरोसे सैनी, वीरपाल पाण्डे, दिपक सिंह, दिनेश मौर्य, कमल, रामचन्द्र राठौर, सुभाष दिवाकर, धर्मवीर चौहान, ज्योति टम्टा, मालती मौर्य, सरोज रानी, मंजू जैन, श्वेता शर्मा, कमलेश रस्तोगी, उमा सरकार, मधु सिखदार, बकुल शर्मा, अंकिता अधिकारी, सौनी शर्मा, सुनीता शर्मा, ज्योति चौहान और कमलेश पांडे सहित कई अन्य लोग शामिल रहे।

**ठुकराल पर मुकदमा....**कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई, तो मीना शर्मा ने पुनः मोर्चा खोलते हुए हाल ही में एक रिमाइंडर तहरीर सौंपी थी। मंगलवार को उनके धरने के बीच ही पुलिस ने राजकुमार ठुकराल पर महिलाओं की लज्जा भंग करने और धमकी देने जैसी गंभीर धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया। अब इस मुकदमे के दर्ज होने के बाद शहर की राजनैतिक सरगर्मियां और तेज हो गई हैं, क्योंकि ठुकराल की कांग्रेस में संभावित एंट्री के बीच इस कानूनी कार्रवाई को बेहद अहम माना जा रहा है।

**ठुकराल की बढ़ ...**पुलिस को रिमाइंडर तहरीर सौंपी थी जिसके आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। हालांकि राजकुमार ठुकराल उस वायरल ऑडियो को पूर्व में ही आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित बताकर अपना बचाव कर चुके हैं, लेकिन अब इस मामले में एक साल बाद मुकदमा दर्ज होने के कई मायने निकाले जा रहे हैं। सियासी गलियारों में चर्चा है कि सत्ता पक्ष के कुछ प्रभावशाली लोग भी पुलिस पर मुकदमा दर्ज करने के लिए दबाव बना रहे थे। माना जा रहा है कि ठुकराल पर मुकदमा दर्ज होने के बाद अब उनकी राजनीतिक पारी में एक नया अवरोध पैदा हो सकता है। इसके साथ ही यह भी चर्चा आम है कि शासन स्तर से उन्हें मुहैया कराई गई अंगरक्षक की सुरक्षा भी जल्द ही वापस ली जा सकती है। चौतरफा हो रही इस मोर्चेबंदी ने साफ कर दिया है कि ठुकराल की आगामी राजनैतिक राह इतनी आसान नहीं होने वाली है।

**बंद घर के ताले....**नकदी बेटी की स्कूल फीस जमा करने के लिए घर में रखी गई थी। सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की। पुलिस ने सत्यपाल अरोड़ा की तहरीर पर अज्ञात चोरों के खिलाफ संबंधित धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर लिया है। मामले की विवेचना उपनिरीक्षक संतोष कुमार द्वारा की जा रही है। पुलिस क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है ताकि चोरों का सुराग लगाया जा सके।

**भूकंप से फिर कांपी...**महसूस हुए। गनीमत रही कि अभी तक इस भूकंप से किसी भी प्रकार के जान-माल के नुकसान की कोई सूचना प्राप्त नहीं हुई है।सीमांत जनपद उत्तरकाशी भूकंप के लिहाज से बेहद संवेदनशील माना जाता है। सोमवार रात आए इन झटकों ने स्थानीय निवासियों को वर्ष 1991 के उस विनाशकारी भूकंप की याद दिला दी, जिसमें भारी तबाही हुई थी और बड़ी संख्या में लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी थी। यही कारण है कि हल्के झटके लगते ही लोग बिना देर किए खुले मैदानों की ओर दौड़ पड़े और काफी देर तक अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। गौरतलब है कि उत्तराखंड के विभिन्न हिस्सों में पिछले कुछ समय से भूगर्भीय हलचलें बढ़ी हैं। इसी वर्ष 13 जनवरी को बागेश्वर जनपद में भी सुबह के वक्त भूकंप के झटके महसूस किए गए थे। रिक्टर पैमाने पर बागेश्वर में आए उस भूकंप की तीव्रता 3.5 मापी गई थी, जिसका केंद्र जमीन से 10 किलोमीटर गहराई में स्थित था। उत्तरकाशी में आए ताजा झटकों के बाद प्रशासन स्थिति पर नजर रखे हुए है और लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी जा रही है।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा     एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रूद्रपुर,ऊधमसिंहनगर ( उत्तराखण्ड )से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक- परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# पंजाबी समाज के पैरोकारों पर ही उठने लगे सवाल

## अशोभनीय टिप्पणी करने वालों को बचाने के लिए पर्दे के पीछे खेला जा रहा खेल

रुद्रपुर। भाजपा पार्षद राधेश शर्मा और अन्य लोगों द्वारा पंजाबी समाज को लेकर की गई कथित अशोभनीय टिप्पणी के बाद समाज में तीव्र आक्रोश व्याप्त है। इस मामले को लेकर सोमवार को शहर के पांच मंदिर में समाज के लोगों की एक बैठक आयोजित की गई, लेकिन बैठक में केवल पांच सदस्यीय समिति गठित करने का निर्णय लेकर मामले पर लीपापोती करने के आरोप लगाए जा रहे हैं। पंजाबी समाज के अधिकांश लोगों का कहना है कि पांच मंदिर में आयोजित यह बैठक वास्तव में समाज की नाराजगी को शांत करने और भविष्य में जनप्रतिनिधियों पर उठने वाले सवालों से बचने के लिए पूर्व-नियोजित रणनीति थी। बैठक में औपचारिक रूप से पार्षद की टिप्पणी पर रोष जताया गया, वहीं कुछ वक्ताओं द्वारा पांच सदस्यीय समिति गठित करने का प्रस्ताव रखा गया, जिसे तुरंत स्वीकार कर लिया गया। हालांकि बैठक के बाद कई लोगों ने सवाल उठाए कि क्या यह फैसला पहले से तय नहीं था। उनका आरोप है कि समाज के लोगों को बुलाकर केवल औपचारिक सहमति लेने की कोशिश की गई, ताकि यह दर्शाया जा सके कि मामला अब समिति के हवाले कर दिया गया है और आगे कोई तीखा रुख न अपनाया जाए।बैठक के दौरान कुछ वक्ताओं ने यह तर्क भी दिया कि आरोपी पार्षद द्वारा माफी मांग ली गई है, इसलिए विवाद को आगे नहीं बढ़ाया जाना चाहिए। बताया गया कि सोमवार की सुबह विभिन्न धार्मिक संस्थाओं की बैठक में भी इसी बात पर सहमति बनी थी। इसी आधार पर बैठक को समाप्त करने की कोशिश किए जाने पर कई लोग असंतुष्ट नजर आए।बैठक में शामिल कुछ प्रतिनिधियों ने आरोप लगाया कि पंजाबी समाज से जुड़े कुछ नेताओं को आगे कर यह पूरी कवायद की गई, ताकि



राजनीतिक स्तर पर किसी प्रकार की आंच न पहुंचे। उनका कहना है कि यदि हर बार किसी समाज के खिलाफ टिप्पणी कर माफी मांगकर बच निकलने की परंपरा बन गई, तो इससे न केवल गलत संदेश जाएगा, बल्कि भविष्य में ऐसे मामलों पर सवाल उठाने की गुंजाइश भी कमजोर पड़ जाएगी। आक्रोशित लोगों का दावा है कि यह बैठक वास्तव में न्याय या कठोर कार्रवाई की मांग के लिए नहीं, बल्कि विवाद को ठंडा करने और जिम्मेदारी तय होने से पहले ही मामला दबाने के उद्देश्य से आयोजित की गई थी। उनके अनुसार समिति गठन का निर्णय भी इसी रणनीति का हिस्सा है, ताकि तत्काल किसी पर सीधी कार्रवाई की मांग न उठे और पूरा प्रकरण लंबी प्रक्रिया में चला जाए। हालांकि आयोजकों या संबंधित नेताओं की ओर से इन आरोपों पर कोई स्पष्ट प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है, लेकिन पंजाबी समाज के भीतर इस बात को लेकर तीखी चर्चा चल रही है कि यह बैठक वास्तव में समाज की भावनाओं के अनुरूप थी या फिर राजनीतिक नुकसान को कम करने का प्रयास। अब सभी की निगाहें उस समिति पर टिकी हैं, जिसकी आगामी कार्रवाई यह तय करेगी कि प्रक्रिया पारदर्शी होगी या आरोप सही साबित होंगे। बैठक में हरीश जलहोत्रा ,राजकुमार फुटेला, जगदीश तनेजा, निर्मल हंसपाल, संजय जुनेजा, अभिमन्यु ढींगरा,अशोक कालड़ा, सुरेंदर मिडडा, दिलीप अधिकारी, परिमल राय, पवन गाबा,विजय जग्गा,सुशील गाबा, विजय फुटेला, मोहनलाल खेड़ा केवल कृष्ण बतरा, हरविंदर सिंह हरजी, संजय ठुकराल, नरेश शर्मा, सुखदेव सिंह भल्ला, मनीष गगनेजा, मनोज मदान, सचिन मुंजाल, मोहन अरोरा राजेश पप्पल, कुलबीर सिंह ढिल्लों, गौरव गांधी,राकेश सुखीजा, परमपाल सुखीजा, अरुण अरोरा, सोनू खुराना, हैप्पी रंधावा, आकाश भुसरी,जोमी चाण्डा, अमित साहनी, राजेश पुंशी, अमनदीप सिंह, अनमोल विर्क, राजकुमार मिगलानी, समीर अरोरा, सीए अमित गंभीर, सीए निशांत ग्रोवर,सुरेंद्र रज्जी, गगन बाधवा,दीपक गुगलानी,हरीश सुखीजा, पंकज सुखीजा, सचिन तनेजा, गौरव तनेजा, आशीष मिढा, सचिन खुराना, सचिन गुंबर, सोनू खुराना, मोहित सुखीजा आशीष छाबड़ा सहित सैकड़ो की संख्या में पंजाबी समाज से जुड़े लोग मौजूद थे।





# हनी-ट्रैप गैंग का भंडाफोड़, महिला गैंगस्टर समेत तीन गिरफ्तार

गदरपुर (उद संवाददाता)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मणिकांत मिश्रा के सख्त निर्देशों के क्रम में अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतवाली गदरपुर पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने एक महिला गैंगस्टर सहित हनी-ट्रैप और रंगदारी वसूलने वाले गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए अभियुक्तों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त कार और वसूली गई नकदी भी बरामद हुई है।पूरा मामला तब प्रकाश में आया जब 26 जनवरी 2026 को रामपुर (उत्तर प्रदेश) के ग्राम मडियान शादी निवासी दाऊद पुत्र भूरा ने कोतवाली गदरपुर में तहरीर दी। पीड़ित ने बताया कि जौहर उर्फ महक नामक युवती ने फेसबुक के माध्यम से उससे संपर्क किया और गदरपुर बुलाया। वहां महक ने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर पीड़ित के साथ गाली-गलौच और मारपीट की। आरोपियों ने पीड़ित को जान से मारने, फर्जी मुकदमे में फंसाने और अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी देकर डरा दिया। इस डर का फायदा उठाकर आरोपियों ने पीड़ित से 40 हजार रुपये नकद और 95 हजार रुपये ऑनलाइन धोखाधड़ी के जरिए वसूल लिए। वारदात को अंजाम देने के बाद अभियुक्त अपनी कार संख्या



UP22BA4232 से फरार हो गए।पुलिस ने तहरीर के आधार पर तत्काल विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर विवेचना उपनिरीक्षक नरेश पन्त को सौंपी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अपराध, पुलिस अधीक्षक काशीपुर और क्षेत्राधिकारी बाजपुर के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक गदरपुर के नेतृत्व में टीम गठित की गई। पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 26 जनवरी को ही तीनों अभियुक्तों जौहर उर्फ महक (25 वर्ष), राबिया (20 वर्ष) और रोहन (22 वर्ष) निवासीगण रामपुर (उत्तर प्रदेश) को दबोच लिया।पुलिस पूछताछ में चौंकाने वाले खुलासे हुए हैं। अभियुक्तों ने स्वीकार किया कि उनका 10 से 12 सदस्यों का एक संगठित गिरोह है, जिसमें महिलाएं और पुरुष दोनों शामिल हैं। यह गैंग सोशल मीडिया पर संपन्न युवकों को चिन्हित कर महिलाओं के जरिए उन्हें जाल में फंसाता है और फिर सुनसान या अलग-अलग स्थानों पर बुलाकर अश्लील वीडियो बनाने या दुष्कर्म के झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देकर मोटी रकम वसूलता है। पुलिस के अनुसार, मुख्य अभियुक्ता जौहर उर्फ महक शातिर अपराधी है, जिसके विरुद्ध रामपुर में पहले से कई मुकदमे दर्ज हैं और वह गैंगस्टर एक्ट में जेल भी जा चुकी है। उसने अब तक लगभग एक दर्जन ऐसी घटनाओं को अंजाम देना स्वीकार किया है।पुलिस अब गैंग के अन्य फरार सदस्यों दीपक, राहुल और शिवम उर्फ हैप्पी की सरगर्मी से तलाश कर रही है। पकड़े गए अभियुक्तों को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर जेल भेजा जा रहा है। इस सफल कार्रवाई में प्रभारी निरीक्षक संजय पाठक, उपनिरीक्षक नरेश पन्त, संजय सिंह बोरा, कांस्टेबल निकुल जाटल, मोहन बोहरा, महिला कांस्टेबल विजय लक्ष्मी और पार्वती गोस्वामी शामिल रहे।

# पंतनगर में स्कूटी शोरूम का भव्य उद्घाटन

पंतनगर (उद संवाददाता)। नैनीताल हाईवे पर आधुनिक सुविधाओं से लैस नए इलेक्ट्रिक स्कूटी शोरूम का भव्य उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने रिबन काटकर शोरूम का विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के लिए इलेक्ट्रिक वाहनों को समय की मांग बताया। शोरूम के मालिक सतेंद्र सिंह रावत ने बताया कि यह स्कूटी तकनीक के मामले में बेहद किफायती और पर्यावरण अनुकूल है। यह एक बार फुल चार्ज होने पर 60 किलोमीटर



तक की यात्रा सुगमता से तय करती है। उद्घाटन समारोह के दौरान पहली सेल के रूप में पांच भाग्यशाली खरीदारों को मुख्य अतिथि राजेश शुक्ला द्वारा स्कूटी की चाबियां सौंपी गईं। इस गरिमामय समारोह में कंचन ट्रेंड्स के शोरूम मालिक सतेंद्र सिंह रावत, कमल जिंदल, तरुण बंसल, पूर्व जिलाध्यक्ष विवेक सक्सेना, ईश्वर पाल सिंह चौहान और पिंकी डिमरी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। इनके अतिरिक्त अजय तिवारी, डी.एन. यादव, शशी कांत मिश्रा, डा. आनंद सिंह जीना, सुनील श्रीवास्तव, डा. ब्रजेश सिंह, रजनीश पाण्डेय एवं आशीष ढांडा सहित कई अन्य गणमान्य लोगों ने भी कार्यक्रम में शिरकत की।

# लिटिल किंगडम स्कूल में रंगारंग कार्यक्रमों से बच्चों ने बिखेरी देशभक्ति की छटा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। डीडी चौक स्थित लिटिल किंगडम स्कूल में 77वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल की वरिष्ठ प्रशासक हरविंदर पुरी और विद्यालय प्रशासिका परविंदर पुरी द्वारा ध्वजारोहण कर किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने गणतंत्र दिवस को राष्ट्रीय एकता का प्रतीक बताते हुए कहा कि यह पर्व सभी जाति और संप्रदाय के लोगों के लिए समान महत्व रखता है। 15 अगस्त 1947 को देश के आजाद होने के बाद संविधान निर्माण में लगे समय और 26 जनवरी 1950 को इसे लागू किए जाने के ऐतिहासिक महत्व को भी विस्तार से समझाया गया। गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में विद्यालय के प्ले ग्रुप से लेकर कक्षा पांचवीं तक के छात्र-छात्राओं ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। नन्हे-मुन्ने बच्चों द्वारा प्रस्तुत नाटक, सामूहिक नृत्य, गायन, वादन और एकल नृत्य की सुंदर झलकियों ने उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। बच्चों के भीतर देशभक्ति और धर्म के प्रति रुचि देखकर वरिष्ठ प्रशासिका परविंदर पुरी ने प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि आज भारत अपनी प्राचीन सांस्कृतिक धरोहर पर गर्व करने के साथ-साथ एक शक्तिशाली और आत्मनिर्भर राष्ट्र बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। विद्यालय की प्रधानाचार्या गायत्री खन्ना ने अपने संबोधन में कहा कि भारत का संविधान दुनिया का सबसे बड़ा और अनोखा लिखित दस्तावेज है, जो देश के प्रत्येक नागरिक को समानता, स्वतंत्रता और धर्मनिरपेक्षता का अधिकार प्रदान करता है। उन्होंने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि हमें गर्व होना चाहिए कि हम ऐसे देश के निवासी हैं जहां सबको समान अवसर प्राप्त होते हैं। वहीं उपप्रधानाचार्या सिमरन पुरी ने आजादी के महत्व पर प्रकाश डाला और सभी से संविधान का सम्मान करने व उसे मजबूत बनाने में अपना योगदान देने की अपील की। विद्यालय के संचालक लक्ष्य शर्मा ने कार्यक्रम के दौरान उपस्थित छात्र-छात्राओं और स्टाफ को देश के प्रति कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक पालन करने का संकल्प दिलाया। उन्होंने कहा कि देश की अखंडता और एकता को बनाए रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। इस भव्य आयोजन में वरिष्ठ प्रशासिका परविंदर पुरी, प्रशासक हरिन्दर सिंह पुरी, प्रधानाचार्या गायत्री खन्ना, उपप्रधानाचार्या सिमरन पुरी, विद्यालय संचालक लक्ष्य शर्मा, कार्यालय प्रभारी मानसी और समस्त सहायक अध्यापिकाएं मौजूद रहीं।





